चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 85, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 24 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### खालिस्तान समर्थक अमृतपाल को पंजाब से डिब्रूगढ़ जेल भेजा गया

## खालिस्तानी अमृतपाल हुआ गिरफ्तार

**चंडीगढ़:** पंजाब पुलिस ने मोगा के गांव रोडे से रविवार सुबह गिरफ्तार किए गए अमृतपाल को असम की डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया। अमृतपाल को रोडे से पहले मोगा लाया गया। मोगा में आईजी इंटेलिजेंस समेत पुलिस के आला अधिकारी रात से ही मौजूद थे। पुलिस ने अमृतपाल से पूछे जाने वाले सवालों का ब्यौरा तैयार कर रखा था। हालांकि अमृतपाल ने ज्यादातर सवालों के जवाब नहीं दिए। इसके बाद पुलिस कागजी कार्रवाई पूरी कर सड़क मार्ग से अमृतपाल को लेकर बठिंडा पहुंची। यहां से उसे डिब्रूगढ़ के लिए रवाना किया गया। अमृतपाल को गिरफ्तार करने के बाद पंजाब पुलिस ने अलर्ट घोषित कर दिया है। राज्य के सभी सीमावर्ती जिलों में नाके लगाए गए हैं। पंजाब के सभी धार्मिक स्थानों के बाहर पुलिस को तैनात किया गया है। संदिग्ध स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने पंजाबवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि पंजाब पुलिस ने कई दिनों के अभियान के बाद अमृतपाल को गिरफ्तार कर लिया है। पंजाबवासी अमन-शांति बनाए रखें। कानून-व्यवस्था को कायम रखने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है।

**अमृतपाल अगर 18 मार्च को गिरफ्तार किया जाता तो खून खराबा हो सकता था: सीएम मान**

खालिस्तान समर्थक एवं वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह की रविवार को गिफ्तारी के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि अगर अमृतपाल को 18 मार्च को गिरफ्तार करते तो खून खराबा हो सकता था। मुख्यमंत्री मान ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें पुलिस ऑपरेशन के बारे में जानकारी थी। पंजाब पुलिस इसके लिए बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि वह पंजाब वासियों के भी आभारी हैं जिन्होंने इस दौरान अमन शांति को कायम रखने में सहयोग दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब ने उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है। इस कारण उनका कर्तव्य बनता है कि लोगों के जान-माल की सुरक्षा की जाए। इसके लिए भले ही एक्शन लेने पड़े, कठोर कार्रवाई की जाए, लेकिन निदोर्षों को कुछ नहीं कहा जाएगा। कानून के अनुसार काम किया जाएगा। आज एक संस्था चलाने वाले अमृतपाल को पकड़ लिया गया। वह बेटे-बेटियों को बंदूक पकड़ने या गैर सामाजिक काम करने की प्रेरणा देते थे, उन्हें भी गिरफ्तार किया गया। मान ने कहा कि कुछ व्यक्ति देश के दुश्मनों के हाथों में खेलते हुए गैर सामाजिक गतिविधियों में शामिल थे।



### अमृतपाल पर शिकंजा

- 23 फरवरी को अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने अजनाला के थाने पर बंदूकों और तलवारों से हमला कर दिया।
- मार्च की शुरुआत से ही पंजाब सरकार केंद्र के साथ मिलकर अमृतपाल की गिरफ्तारी की योजना बना रही थी।
- दो मार्च को सीएम भगवंत मान ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के दौरान अजनाला कांड पर चर्चा की थी।

### अमृतपाल के गांव में भी माहौल शांत

**अमृतसर: अमृतपाल** के गांव जल्लूपुर खेड़ा में भी माहौल शांत है। गांव में पुलिस तैनात है। गांव में खास चहल पहल नजर नहीं आ रही है। अमृतपाल के घर में पड़ोसियों का जमावड़ा लगा है। अमृतपाल की मां बलविंदर कौर व चाचा सुखचैन सिंह ने कहा कि अमृतपाल ने गांव रोडे के गुरुद्वारा साहिब के बाहर आत्मसमर्पण किया है, उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है। मां ने कहा कि उनके बेटे ने डेढ़ महीने तक पुलिस के घुटने टिकवा दिए। अब पुलिस उन युवाओं को छोड़ दे, जिनको अमृतपाल के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अमृतपाल को मोगा के गांव रोड़े से पकड़ा है। अमृतपाल के पकड़े जाने के बाद अमृतसर के कस्बा अजनाला में भी खमोशी है। यह वही कस्बा है जहां के थाने पर हमला कर अमृतपाल राष्ट्रीय पटल पर छाया था। कस्बे में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी है। लोग अमृतपाल की गिरफ्तारी पर चुप्पी साधे हैं। अजनाला में कुछ लोगों का कहना है कि अमृतपाल को आखिर एक दिन पुलिस की गिरफ्त में आना ही था।

### सरबत खालसा बुलाने का प्लान भी रहा बेअसर

**चंडीगढ़: 18 मार्च से** अमृतपाल सिंह के साथ उसका साया बनकर फरार चल रहे पपलप्रीत सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, जिससे अमृतपाल सिंह अकेला पड़ गया था। पपलप्रीत सिंह को अमृतपाल का सबसे भरोसेमंद सहयोगी और संरक्षक माना जाता था। अमृतपाल सिंह के भागने और उसके हर कदम पर रहने व खाने-पीने का जुगाड़ किया। उन्होंने कथित तौर पर अमृतपाल को कई मुद्दों पर सलाह दी थी। पपलप्रीत सिंह कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था, जहां से वह पंजाब में खालिस्तान का हौवा खड़ा करने के निर्देश ले रहा था। 2015 में पुलिस ने उसे आईएसआई से संपर्क मिलने के बाद गिरफ्तार किया था। पपलप्रीत खुद को अमृतसर का पत्रकार बताता रहा जो कथित तौर पर एक वेबसाइट 'पंजाब शील्ड' चलाता था।

**क्या गृहमंत्री के बयान के बाद से डर गया था अमृतपाल?:** शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अमृतपाल को लेकर एक बयान दिया था। शाह ने बेंगलुरु में कहा कि पंजाब में खालिस्तानी लहर नहीं है और केंद्र स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है।

## दूसरों से सवाल करना आसान, खुद से सवाल करना मुश्किल: राहुल गांधी

**बेंगलुरू: कर्नाटक** चुनाव के लिए चुनाव प्रचार चरम पर है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी कर्नाटक चुनाव में प्रचार के लिए दो दिवसीय दौरे पर रविवार को बागलकोट पहुंचे। यहां राहुल गांधी ने संगमनाथ मंदिर और कुदालसंगम तीर्थस्थल का दौरा किया और पूजा अर्चना की। राहुल गांधी के संगमनाथ मंदिर और कुदालसंगम तीर्थस्थल के दौरे को लिंगायत समुदाय को लुभाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। बागलकोट में आयोजित बसवा जयंती समारोह में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि दूसरों से सवाल करना आसान है, लेकिन खुद से सवाल करना मुश्किल है।

कांग्रेस नेता ने महान कवि और समाज सुधारक बसवन्ना के बारे में बताते हुए कहा कि जहां अंधेरा होता है, उसी अंधेरे में कहीं-न-कहीं रोशनी भी निकलती है। उस समय समाज में अंधेरा था, इसलिए बसव जी अंधेरे में रोशनी बनकर निकले। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि ऐसा मत सोचो कि समाज के सामने सच बोलना आसान है। आज हम उनके (बसवेश्वर) के सामने फूल रख रहे हैं, लेकिन जब वह जीवित थे, तो उन्हें भी धमकी दी गई होगी, उन पर हमला किया गया होगा, लेकिन वह पीछे नहीं हटे, उन्होंने सच्चाई का रास्ता नहीं छोड़ा। ऐसे ही आज सत्ता पक्ष सच से डरा हुआ है।

### सीएम योगी ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में लगाई हाजिरी

**वाराणसी:** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नगर निकाय चुनाव में भाजपा कार्यकताओं में जोश भरने के पूर्व श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में हाजिरी लगाई।

मंदिर के गर्भगृह में अर्चकों ने बाबा विश्वनाथ का विधि विधान से पूजन कराया। दरबार में विधिवत दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव के मंदिर में पहुंचे और दर्शन पूजन किया। यहां से रोहनिया केशरीपुर स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के लिए रवाना हो गये।

## शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार का डेथ वॉरंट जारी: राउत



**मुंबई:** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब) के नेता संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार के डेथ वॉरंट जारी हो चुका है और यह सरकार 15-20 दिन में गिर जाएगी। राउत ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि उनकी पार्टी कोर्ट के आदेश का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि हमारे साथ न्याय होगा। राज्यसभा सांसद सुप्रीम कोर्ट के उस केस की बात कर रहे थे, जिसमें शिवसेना के 16 बागी विधायकों की अयोग्यता पर फैसला होना बाकी है। गौरतलब है कि शिवसेना के कई नेताओं ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को मानने से इनकार करते हुए अपना समर्थन एकनाथ शिंदे गुट को दे दिया था। विधायकों की इसी बगावत के खिलाफ ठाकरे गुट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 16 बागी विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग की थी। राउत ने कहा, "मौजूदा मुख्यमंत्री और उनकी 40 विधायकों की सरकार 15 से 20 दिनों में ही गिर जाएगी। इस सरकार का डेथ वॉरंट जारी हो चुका है। अब बस इस पर फैसला होना है कि इस पर हस्ताक्षर कौन करेगा।" पिछले साल जून में ही शिवसेना नेता शिंदे ने महाविकास अघाड़ी सरकार में रहते हुए बगावत कर दी थी। शिंदे ने शिवसेना के 39 विधायकों को लेकर अपना अलग गुट बना लिया था, जिसके बाद महाराष्ट्र की सियासत में भूचाल आ गया था।

## धाम में हादसा, वित्त नियंत्रक की हेलीकॉप्टर की चपेट में आने से मौत



**देहरादून:** केदारनाथ में एमआई-26 हेलीपैड के निरीक्षण को पहुंचे यूकाडा के वित्त नियंत्रण अमित सैनी की हेलीकॉप्टर के टेल रोटर की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा सहित अन्य जरूरी कार्रवाई अमल में लाई जा रही हैं। रविवार को यूकाडा के वित्त महाप्रबंधक अमित सैनी हेलीपैड निरीक्षण व हेलीकॉप्टर सेवा व्यवस्थाओं का जायजा लेने केदारनाथ पहुंचे हुए थे। दोपहर बाद लगभग पौने एक बजे वह वापस लौटने के लिए हेलीकॉप्टर की तरफ गए। लेकिन अचानक हेलीकॉप्टर के टेल रोटर की चपेट में आ गए, जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जब वह हेलीकॉप्टर की तरफ जा रहे थे, उन्हें पीछे से कई लोगों ने आवाज भी दी कि वह उल्टी तरफ से जा रहे हैं। लेकिन उन्हें सुनाई नहीं दिया। हादसे के दौरान केदारनाथ में मौजूद जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया ।

### 8 देशों के राजदूत और 40 देशों के अप्रवासी भारतीय भी अयोध्या आए

## 155 देशों के जल से रामलला का अभिषेक हुआ

**अयोध्या:** अक्षय तृतीया में अयोध्या में राम मंदिर का 155 देशों के जल से अभिषेक किया गया। इसमें अमेरिका के 14 मंदिरों और 12 नदियों का जल भी शामिल है। 8 देशों के राजदूत, 40 देशों के अप्रवासी भारतीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंचे हैं। इसमें तजाकिस्तान के ताज मोहम्मद भी हैं। उन्होंने बाबर की जन्मभूमि की नदी कश्क-ए-दरिया समेत कई मुस्लिम देशों की नदियों का जल भेजा है। मणिराम छावनी के सभागार में कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू हुआ। सबसे पहले हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। वहीं, फ्रर के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश ने नया नारा "भारत जय जगत" दिया। दिल्ली के पूर्व बीजेपी विधायक विजय जौली श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के साथ मिलकर यह कार्यक्रम कर रहे हैं। जौली ने बताया, "जलाभिषेक के लिए 155 देशों का जल कलश अयोध्या ला गया। इसमें उज्बेकिस्तान के ताशकंद में चिरचिक नदी, तजाकिस्तान की वख्श नदी, यूक्रेन की डेनिस्टर, रूस की वोल्गा, मॉरिशस की गंगा तालाब और हिंद महासागर का जल भी है।"



## कॉलेजियम मुद्दा बस एक माइंडगेम है: कानून मंत्री

**नई दिल्ली :** केंद्रीय कानून मंत्री अक्सर सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम व्यवस्था पर मुखर रहे हैं। अब अपने ताजा बयान में रिजिजू ने कहा कि कॉलेजियम मुद्दा बस एक माइंडगेम है और वह इस बारे में बात नहीं करेंगे। दरअसल किरेन रिजिजू से सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिशों के लंबित रहने को लेकर सवाल किया गया था, जिस पर किरेन रिजिजू ने उक्त जवाब दिया। अरुणाचल प्रदेश में 4जी सेवाओं वाले 254 मोबाइल टावरों के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान किरेन रिजिजू ने ये बयान दिया। बता दें कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति में केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच टकराव की कई खबरें आ चुकी हैं लेकिन पिछले कुछ समय में यह टकराव गहराया है। केंद्र सरकार जहां कॉलेजियम सिस्टम पर सवाल उठा रही है। केन्द्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने तो अपने एक बयान में कॉलेजियम व्यवस्था को संविधान से परे और एलियन भी बता दिया था।



## क्रिप्टो के नियमन के लिए वैश्विक सहमति जरूरी: वित्त मंत्री

**बेंगलुरु:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि क्रिप्टो के नियमन के लिए वैश्विक सहमति जरूरी है। उन्होंने कहा कि इससे पहले कि भारत इस पर कोई कदम उठाए, एक वैश्विक टेम्पलेट बनाना पड़ सकता है और सभी को इस पर मिलकर काम करना होगा। अन्यथा इसे विनियमित करना प्रभावी नहीं होगा। हालांकि, मंत्री ने कहा कि इसका मतलब 'डिस्ट्रीब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी' को नियंत्रित करना नहीं है, जिसकी अपनी अच्छाई और क्षमता है।

**वित्तीय स्थिरता पर केंद्रित एफएसबी, रिपोर्ट देने पर सहमत:** उन्होंने कहा, "जी-20 की अध्यक्षता भारत कर रहा है, यह भारत का प्रस्ताव था और इसे साथ लिया गया है। मुझे खुशी है कि जी-20 ने इसे इस साल के लिए अपने एजेंडे में रखा है। आईएमएफ ने क्रिप्टो करेंसी पर एक पेपर दिया है कि यह किस तरह से मैक्रोइकॉनॉमिक स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। जी-20 द्वारा गठित वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) एक रिपोर्ट देने के लिए सहमत हो गया है जो वित्तीय स्थिरता पर भी ध्यान केंद्रित करेगा।"

**एफएसबी और आईएमएफ की रिपोर्ट पर जुलाई में चर्चा:** सीतारमण ने कहा, "उनकी (एफएसबी) रिपोर्ट और आईएमएफ की रिपोर्ट पर जुलाई में चर्चा होने होगी, जब वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक के गवर्नर जी-20 के तहत बैठक करेंगे और उसके बाद सितंबर में जी-20 देशों के प्रधानमंत्रियों और राष्ट्रपतियों का शिखर सम्मेलन होगा जो भारत में होगा।"

**फरवरी में हुई जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की पहली बैठक:** मंत्री यहां 'थिंकर्स फोरम, कर्नाटक' के साथ बातचीत के दौरान डिजिटल या क्रिप्टो करेंसी के नियमन के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रही थीं। जी-20 इंडिया प्रेसीडेंसी के तहत जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की पहली बैठक 24-25 फरवरी को बेंगलुरु में हुई थी। सीतारमण ने कहा, डिजिटल करेंसी पूरी तरह से डिजिटल और टेक्नोलॉजी से संचालित हैं।



### जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों के लिए राष्ट्रीय नीति की घोषणा संभव

**नई दिल्ली: केंद्र** सरकार जल्द ही माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में पंजीकृत व्यापारियों के लिए राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति और दुर्घटना बीमा योजना की घोषणा कर सकती है। यह जानकारी मंत्रालय से जुड़े एक अधिकारी ने दी। इस अधिकारी ने कहा कि इस नीति से व्यापारियों को बेहतर बुनियादी ढांचा उपलब्ध होगा और साथ ही वह अधिक कर्ज भी ले सकेंगे। इस नीति में सस्ता और सुगम कर्ज, खुदरा व्यापार का आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण, वितरण श्रृंखला के लिए आधुनिक ढांचागत समर्थन, कौशल विकास।

## विश्व गुरु बनने के लिए वेदों-संस्कृत के ज्ञान का पोषण जरूरी: भागवत

**अहमदबाद:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने वेदों के ज्ञान और संस्कृत की प्राचीन भाषा को जानने और विकसित करने पर जोर दिया। रविवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुए आरएसएस चीफ ने कहा कि अगर भारत को 'विश्व गुरु' बनना है तो उसके लिए वेदों के ज्ञान और संस्कृत की प्राचीन भाषा को विकसित करने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने भारतीय संस्कृति पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति रूढ़िवादी नहीं है, लेकिन यह समय के साथ बदलती रही है।

**'भारत का लक्ष्य ऐसा देश बनना जो सबकी मदद कर सके':** वे गुजरात के साबरकांठा में मुदेती गांव में श्री भगवान याज्ञवल्क्य वेदतत्त्वज्ञान योगाश्रम ट्रस्ट द्वारा आयोजित 'वेद संस्कृत ज्ञान गौरव समरंभ' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि भारत वेदों के मूल्यों पर बना है, जिनका पीढ़ी दर पीढ़ी पालन किया जाता रहा है। ऐसे में आज के भारत को विकसित होना है, लेकिन उसका लक्ष्य अमेरिका, चीन और रूस की तरह महाशक्ति बनना नहीं है बल्कि हमें एक ऐसा देश बनना है जो आज दुनिया को परेशान करने वाली समस्याओं का जवाब दे सके। ऐसा देश जो अपने सही आचरण से दुनिया को शांति, प्रेम और समृद्धि का रास्ता दिखा सके।



**'विश्वगुरू बनने के लिए वेद, विज्ञान और संस्कृति का ज्ञान जरूरी':** आगे बोलते हुए आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जो धर्म का प्रचार करने, सभी को एकजुट करने और विश्व गुरु बनने में विश्वास करता है। विश्वगुरु बनने के लिए वेद, विज्ञान और संस्कृति के ज्ञान का पोषण करना जरूरी है।

## उमेश पाल के घर पहुंचे डिप्टी सीएम केशव

### अलकायदा की धमकी पर बोले- सरकार हर धमकी से निपटने में सक्षम

**प्रयागराज:** विधायक राजू पाल की हत्या के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या के बाद प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सुलेमसरांय धूमनगंज स्थित उमेश पाल के घर पहुंचे। उन्हें उमेश पाल की मां शांति पाल और पत्नी जया पाल से मुलाकात कर उनको ढांढस बंधाया। इस दौरान इलाके में सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया था। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह सहित तमाम स्थानीय नेता मौजूद रहे। उमेश पाल की हत्या 24 फरवरी को उनके घर के पास हो गई थी। जिसमें माफिया अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, बेटे असद और पत्नी शाइस्ता परवीन, गुर्गा गुड्डू मुस्लिम सहित दर्जन भर लोगों को नामजद किया गया था। उमेश पाल की हत्या के बाद केशव पहली बार प्रयागराज पहुंचे हैं। केशव मौर्य ने कहा कि परिवार की सुरक्षा के लिए सरकार की ओर से हर कदम उठाए जाएंगे।



## खबर संक्षेप

### संगोष्ठी में बोले वैज्ञानिक हॉस्पिटल में ब्लड स्टोर करके न रखें

**प्रयागराज।** इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन) सभागार में रविवार को वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें ब्लड की उपयोगिता, उसके रखरखाव जैसे सवालों पर एक्सपर्ट ने जानकारी साझा की। एएमए ब्लड बैंक की प्रभारी डॉ. अर्चना शर्मा ने बताया कि एएमए ब्लड बैंक में ल्यूकोपूअर ब्लड मरीजों को उपलब्ध कराया जाता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता है कि ब्लड मरीज को चढ़ाने के बाद रिएक्शन की संभावना बिल्कुल खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि एएमए ब्लड बैंक में समुचित स्टोरेज की सुविधा है। मरीज को जब ब्लड की आवश्यकता हो तभी ब्लड बैंक से ब्लड निकलवाएं। उन्होंने डॉक्टरों का आह्वान करते हुए कहा कि ब्लड को अपने अस्पताल में स्टोर करके कतई न रखें। सम्मानित किए गए डॉक्टर : एएमए के अध्यक्ष डॉ. सुबोध जैन ने वक्ता डॉ. अर्चना शर्मा को स्मृति चिह्न एवं चेयरपर्सन डॉ. मधु चंद्रा, डॉ. अशोक अग्रवाल, डॉ. जेवी राय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता डॉ. सुबोध जैन व संचालन डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने किया। आभार सचिव डॉ. आशुतोष गुप्ता ने जताया। इस मौके पर पद्मश्री कमला नेहरू कैंसर हास्पिटल के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. बी. पॉल थैलियथ, डॉ. अशोक अग्रवाल, शार्दूल सिंह, डॉ. सुजीत सिंह, डॉ. युगांतर पांडेय, डॉ. अमिताभ घोष, डॉ. राजेश मौर्य, डॉ. सुभाष वर्मा, डॉ. पंकज गुप्ता, डॉ. वर्षा कुमार, डॉ. सपन श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा थाना क्षेत्र के उपड़ौरा लोहारी चौराहे के पास स्थित नई बस्ती में बीती देर रात्रि विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के समय विवाहिता कमरे के अंदर अकेली थी। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो परिजनों में हड़कम्प मच गया। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस लिखापढ़ी में जुट गई है। मेजा थाना क्षेत्र के उपड़ौरा के नई बस्ती लोहारी की मल्लहान बस्ती निवासी दारा निषाद मजदूरी करके परिवार का खर्च चलाते हैं। दारा के तीन बेटों में बड़ा बेटा प्रदीप अपने छोटे भाई के साथ मुम्बई के किसी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। दारा निषाद ने बताया कि बड़े बेटे प्रदीप कुमार निषाद की शादी करछना के कटका गांव निवासी लवकुश निषाद की बेटी गुंजा निषाद (20) से हुई थी। दो दिन पूर्व गुंजा मायके से ससुराल आई तो सब ठीक ठाक था। बीती देर रात्रि को जब परिजन घर के बाहर थे तो वह कमरे में पहुंच पंखे में दुपट्टा लगाकर उसे झूल गई। इसी बीच कमरे में देवर कुलदीप किसी काम से पहुंचा तो गुंजा की ऐसी हालत देख रोते बिलखने लगा और शोर शाराबा करते हुए बाहर निकल गया। इसके बाद दौड़कर परिजन कमरे के अंदर पहुँचें तो नजारा देख होश उड़ गए। स्थानीय लोगो की भारी भीड़ जुट गई। वहीं इसकी जानकारी पर मायके पक्ष के लोग भी रोते बिलखते मौके वारदात पर पहुँचें। मृतका के मायके व ससुराल पक्ष के लोगो मे तीखी नोकझोंक भी हो गई। ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों पक्षों को समझा बुझाकर पुलिस को सूचना दिया। वहीं सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है।



### 11वीं के छात्र ने लगाई फांसी, भाई ने कहा- रात रात भर मोबाइल पर करता था किसी से बात

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नरेट के सोरांव थाना अंतर्गत सराय दीना गांव में 11वीं में पढ़ने वाले छात्र ने साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसके कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। घरवालों का कहना है कि मोबाइल पर वह रात में 3:00 बजे तक किसी लड़की से बातचीत करता था। उसने आत्महत्या क्योंकि। पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।गंगानगर के सोरांव थाना अंतर्गत सराय दीना गांव निवासी कन्हैयालाल मेहनत मजदूरी करते हैं। उनके तीन बेटे हैं। सबसे छोटा बेटा दीपक कुमार (18) 11वीं कक्षा का छात्र था। दीपक ने आज साड़ी के फंदे से पंखे के चूल्हे में फांसी लगा ली। मां संगीता देवी उसे खाना खाने के लिए बुलाने गई तो घटना की जानकारी हुई। मां के शोर मचाने पर परिवार के लोग पहुंच गए।कोई सुसाइड नोट नहीं मिला पुलिस को खबर दी गई। लाश को फंदे से नीचे उतारा गया। पुलिस ने कमरे की तलाशी ली, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। उसका मोबाइल चेक किया गया। जिसमे दो नंबरों पर काफी रात तक बात एवम चैटिंग पाई गई है। भाई शुभम ने बताया कि वह तीन तीन बजे रात तक मोबाइल पर चैटिंग करता रहता था। फोन पर बात करता रहता था। सुसाइड क्यों किया, इस बारे में अभी स्पष्ट नहीं हो पाया।

### अतीक अहमद गैंग के लिये रंगदारी वसूलता है आईजेक फ्रैंक

**नैनी।** शुआट्स के प्रवक्ता डा विक्रम सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय से बर्खास्त कर्मचारी आईजेक फ्रैंक अतीक अहमद गैंग का खास गुर्गा है जो अतीक गैंग के लिये रंगदारी वसूलने का कार्य करता है। आईजेक फ्रैंक के अतीक अहमद और उसकी पत्नी शाईस्ता परवीन से आपराधिक रिश्ते भी हैं जिनके बल पर वो शुआट्स अधिकारियों को आए दिन धमकी देकर ब्लैकमेलिंग, अवैध धनउगाही करने में लिप्त रहता है। डा विक्रम सिंह ने बताया कि पूर्व में आईजेक फ्रैंक ने शुआट्स अधिकारियों से रंगदारी वसूलने के लिए एक झूठा शिकायत पत्र तैयार किया था। अतीक अहमद ने आईजेक फ्रैंक के इस गैर कानूनी कृत्य को समर्थन देते हुए उसके झूठे शिकायती पत्र को अपने लेटर हेड के द्वारा पुलिस उप महानिरीक्षक प्रयागराज को प्रेषित भी किया था। विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश को पत्र लिखकर अतीक अहमद गैंग के सदस्य आईजेक फ्रैंक के सम्बन्ध में शिकायत भी की जा चुकी है। शुआट्स प्रवक्ता ने बताया कि आईजेक फ्रैंक के गैर कानूनी कार्यों के लिये अतीक अहमद वित्तीय मदद भी मुहैया करता था। यदि आईजेक फ्रैंक के अतीक गैंग के सम्बन्ध की गहनता से छानबीन की जाये तो जाँच एजेन्सी को शाईस्ता परवीन के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है।

# ईदगाह में नमाजियों पर पथराव मामले में दर्ज हुआ मुकदमा

### आरोपियों की तलाश में पुलिस की दबिश जारी

### मऊआइमा के मऊदोस्तपुर में आपसी भाईचारा व सौहार्द कायम

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा के मऊदोस्तपुर स्थित शनिवार को नमाज के दौरान शरारती तत्वों ने ईट पथर चलाए थे। जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। किसी प्रकार का कोई तनाव नहीं है। अलबत्ता दूसरे दिन भी पुलिस आरोपियों की तलाश में सुरागरसी में लगी रही। बता दें कि शनिवार को ईदुल फितर पर मऊआइमा के मऊदोस्तपुर स्थित ईदगाह में नमाज के दौरान कतिपय शरारती तत्वों ने ईट पथर चलाए थे। जिससे एक किशोर जख्मी हो गया था। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों एंव कस्बा चौकी प्रभारी संजय मौर्या ने नमाजियों में मची अफरा तफरी को शांत करा कर एक को हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने तीन नामजद एक दर्जन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। तकरीर, दुआएं के बाद कस्बा चौकी प्रभारी संजय मौर्या ने बडी अनहोनी घटना को बचाते हुए नमाजियों को समझाए। तथा आरोपियों की शिनाख्त और धरपकड़ तेज कर दी है। जिससे इलाके में शांति का माहौल व्याप्त है। ईद के दूसरे दिन भी पुलिस आरोपियों को सुरागरसी में लगी रही। दोनों सामुदायों में सौहार्द का माहौल व्याप्त है।

हालांकि पथर मारने वाले शरारती तत्वों की हिन्दू समाज के बुजुर्गों ने निंदा करते हुए कहे कि नमाज देखते देखते बुढापा आ गया परन्तु आज तक ईदगाह ऐसी घटना कभी नहीं हुई थी।

# नकली किन्नर को पकडने की मांग को लेकर किन्नरों ने थाने में काटे जमकर हंगामा

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** नकली किन्नर को पकडने की मांग को लेकर किन्नरों ने मऊआइमा थाने में देर शाम तक जमकर हंगामा काटे ताली बजा कर नंग्न हो गए। पुलिस नकली किन्नर को पकडने पर लगी हुई थी। समाचार लिखे जाने तक किन्नरों का जमावड़ा थाने पर लगा रहा। मऊआइमा क्षेत्र के सब्जी मंडी के सामने रहने वाली फिरोज उर्फ शालू किन्नर को लेकर इदरीस नामक किन्नर मऊआइमा क्षेत्र में नेक चार लेती है। इसी बात को लेकर दो दिन पूर्व जमकर मारा मारी हुई थी।शालू, इदरीस का कहना था कि मऊआइमा इलाका हमारा जबकि किन्नरों की हुजूम का कहना था कि मऊआइमा क्षेत्र बिन्दिया मुस्कान किन्नर का है। रविवार को शाम के समय प्रदेश किन्नर बोर्ड की सदस्य महामंडेलश्वर कौशल नन्द गिरी के नेतृत्व में नैनी, झूंसी, हंडिया ,फूलपुर, छतरगढ़, प्रतापगढ़ आदि से दर्जनों किन्नर मऊआइमा थाने में आ कर डट गए और जमकर हंगामा काटने लगे। तालियां बजाकर नंग्न हो गए और इदरीश को नकली किन्नर बताते हुए पकड? पर अड गए। प्रदेश किन्नर बोर्ड की सदस्य महामंडलेश्वर प्रयागराज कौशल नन्द गिरी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने किन्नरों का बोर्ड बना कर सामान्य अधिकार दिया है। उन्होंने बताया कि इदरीस नकली किन्नर बन कर शालू नामक किन्नर को अपने साथ रख कर मऊआइमा क्षेत्र में कमाई कर

**उत्तर प्रदेश किन्नर बोर्ड की सदस्य महामंडलेश्वर के आश्वासन पर माने, देर शाम तक चलता रहा हंगामा**



रहा है। जब किन्नरों ने शालू किन्नर का हुक्का पानी बंद कर रखा है। मऊआइमा क्षेत्र बिन्दिया मुस्कान नामक किन्नर का है। नकली किन्नर इदरीश है जिसके तीन पुत्र और पुत्रियां हैं। उसके परिजन छितपालगढ में रह कर बिन्दिया मुस्कान किन्नर को कई बार मार चुके हैं। बहरहाल पुलिस नकली किन्नर इदरीस की तलाश में लगी थी। परन्तु वह नहीं मिला। समाचार लिखे जाने तक छितपालगढ के किन्नर मुकदमा लिखने पर अडे हुए थे। बाकी किन्नरों और महामंडलेश्वर चले गए थे। वह यह चेतावनी दी है कि यदि इदरीस नहीं पकडा तो सोमवार को फिर आएंगें।

### बाइक खडी करके काम से गया व्यक्ति वापस आते ही बाइक चोरी

**मऊआइमा।** एक व्यक्ति बाइक खडी करके थोडी देर के लिए काम से गया जैसे वापस लौटा बाइक नदारद थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। होलागढ़ के पूरनपुर खरगापुर निवासी संतोष कुमार पुत्र बृजलाल अपनी बाइक से मऊआइमा के हरखपुर जरूरी काम से आया था। संतोष कुमार के अनुसार हरखपुर चौराहे पर बाइक खडी करके लॉक कर जरुरी काम से चला गया। जब वापस लौटा तो बाइक गायब थी।संतोष कुमार ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# पूर्व विधायक की पहल से गंगा कटान से बचाव का कार्य शुरू

अखंड भारत संदेश





**मेजा रोड।** चौकठा नरवर उमापुर कला सहित आधा दर्जन गांवों को गंगा कटान से बचाने के लिए घाट पर? जीवो टेक्सटाइल ट्यूब कटर का निर्माण कराया जा रहा है।करीब 12 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होने वाले तीन परत की ट्यूब के माध्यम से पीचिंग तैयार कर गंगा के तेज प्रवाह को दूसरी तरफ मोड़ा जाएगा।बीते वर्ष अछोला गंगा घाट पर ट्यूब कटर का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। आगामी जुलाई तक उमापुर व चौकठा नरवर गंगा घाट पर ट्यूब कटर का कार्य पूर्ण होने की उम्मीद है। बाढ़ के समय गंगा कटान से परेशान तटवर्ती गांवों के हजारों लोगों को राहत मिलेगी। गंगा कटान के कारण अछोला, चौकठा, नरवर, बभनी हेठार, उमापुर कला, डेंगूरपुर आदि गांव की सैकड़ों बीघे उपजाऊ भूमि सहित बड़ी संख्या में रिहायशी मकान गंगा में समाहित हो चुके हैं। इतना ही नहीं बेरुका गांव का अस्तित्व खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। बीते वर्ष ग्रामीणों ने लगभग दो माह तक क्रमिक अनशन किया था मेजा की तत्कालीन विधायक नीलम करवरिया ने स्टीमेट तैयार कराकर शासन से बजट पास कराया था। बाढ़ प्रखंड के सहायक अभियंता दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि अछोला गांव में 400 मीटर लंबा और 10 मीटर चौड़ा जिओ टैक्सटाइल्स ट्यूब कटर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।उमापुर काला गांव में 300 मीटर लंबा और 10 मीटर चौड़ा जियो टेक्सटाइल ट्यूब कटर तथा पत्थर बिछाकर गंगा के प्रवाह को मोड़ने का कार्य प्रगति पर है।

## वर्षो से बन्द नलकूप की सीएम से शिकायत

**एक्सईएन ने बिना जांच के लगाया सिचाईरत रिपोर्ट, क्षेत्रीय किसानों में रोष**



**प्रयागराज।** मेजा में कार्य के मामले में अभी तक आपने स्थानीय अफसरों समेत कर्मचारियों की लापरवाही सुना होगा। लेकिन मेजा में अधिकारी की घोर लापरवाही का एक मामला सामने आया है। जिससे क्षेत्रीय किसानों में रोष हैं।

**किसानों को निःशुल्क सिंचाई मुहैया कराने के लिए नलकूप की स्थापना :** मेजा के जेवनिया गांव में भारत सरकार द्वारा किसानों को निःशुल्क सिंचाई मुहैया कराने के लिए नलकूप संख्या-52 एम की स्थापना कराई गई है। संचालन के दौरान गांव के किसानों को सिंचाई के लिए आसानी से पानी भी मिला करता था। लेकिन उक्त नलकूप बीते आठ वर्षों से बंद पड़ा है। ऑपरेटर का दूर-दूर तक कोई पता नहीं है।जब इसी गांव के ही दीपक कुमार और रामसागर सहित किसानों द्वारा बीते 11 अप्रैल को मुख्यमंत्री पोर्टल पर मरम्मती करण के लिए शिकायत की गई। तब सम्बन्धित अधिकारियों से आख्या मांगी गई। मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत को लेकर नलकूप खण्ड तृतीय के एक्सईएन द्वारा बिना मौके का स्थलीय निरीक्षण के ही नलकूप संख्या-52 एम को सिंचाईरत दिखाकर रिपोर्ट भेज दी गई। इसकी जानकारी पर क्षेत्र के सभी किसानों में रोष हैं।

**किसानों को 100 रुपए प्रति घण्टे के हिसाब करने पड़ रही है सिंचाई :** नलकूप पर नियुक्त ऑपरेटर कई वर्षों से लापता है। जिसके चलते नलकूप की समस्या का निस्तारण नहीं होने से किसानों को 80 से 100 रुपए प्रति घण्टे नलकूपों से सिंचाई की जा रही है। शिकायत पर बिना जांच एवं स्थलीय निरीक्षण के शीर्ष एवं जिम्मेदार अधिकारियों का रिपोर्ट प्रेषित करना किसानों सहित आम जनमानस में चर्चा का विषय बनकर रह गया है।

# नैनी में सातवां विशाल मां भगवती जागरण का भव्य आयोजन हुआ

अखंड भारत संदेश

**भगवती जागरण में पहुंची किन्नर अखाड़ा की महमंडलेश्वर कल्याणी गिरीः कहा- मां दुर्गा, नारी शक्ति का अद्वितीय प्रतीक, ऐसे आयोजनों से बढ़ता है आपसी सौहार्द**



**नैनी।** के हनुमान नगर नैनी में सातवां विशाल मां भगवती जागरण का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें कलाकारों की सुंदर झांकियां व भक्ति गीतों पर देवी भक्त झूम उरठ। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा कल्याणीनंद गिरी ने कहा कि मां भगवती का जगराता अनूठा और अनुकरणीय है। ऐसे धार्मिक आयोजन से समाज में आपसी सौहा्द कायम होता है। नारी शक्ति का इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है।

जिसमें मां दुर्गा के नौ रूपों का सभी पूजन एवम वंदन करते हैं। अतिथि महानगर अध्यक्ष व मेयर प्रत्याशी गणेश केसरवानी ने कहा कि युवाओं के प्रबंधन में होने वाले इस तरह के धार्मिक आयोजन हमारे रीति-रिवाजों को आगे बढ़ाएंगे जो लोग पश्विमी सभ्यता की अंधी दौड़ में भाग रहे हैं, उनके लिए ऐसे धार्मिक आयोजन मतिश्रम से बाहर निकलने में सहयोग करेंगे। उमेश विश्वकर्मा व मनोज मिश्रा ने सपत्नीक माता की पूजा अर्चना की विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन जिसका मकसद सामाजिक एकता धार्मिक सत्यनिष्ठा और आपसी सौहार्द कायम करना है इस कार्यक्रम में हर वर्ग और समाज के लोग बढ़ चढ़ इस दौरान मुख्य रुप से करमेटी के अध्यक्ष राहुल जायसवाल, उपाध्यक्ष रवि जायसवाल, मंत्री लाला जायसवाल, सलाहकार उमेश विश्वकर्मा, मीड़िया प्रभारी सुनील यादव, कोषाध्यक्ष विवेक कुमार, उपमंत्री गोल्डी जायसवाल, महामंत्री मनोज विश्वकर्मा, संयुक्त मंत्री विपुल गौड़, संगठन मंत्री सुनील सेन, राधेश्याम जायसवाल आदि मौजूद थे।

### निकाय चुनाव का मुद्दा सिर्फ प्रयागराज का विकास

**प्रयागराज।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सामान नागरिक संहिता पर रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी इसके पक्ष में है। मुझे पूरा विश्वास है कि सरकार सही समय पर सामान नागरिक संहिता पर निश्चित रूप से विचार करेगी। डिप्टी सीएम ने यह ऑकलैंड रोड स्थित पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के आवास पर हुई प्रेसवार्ता में व्यक्त किए।नगर निकाय चुनाव को लेकर हुई प्रेसवार्ता में डिप्टी सीएम से कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी द्वारा सपा में रहे रईस शुक्ला को भाजपा ज्वाइन करवाने के बाद जताई आपत्ति को लेकर प्रश्न पूछा गया तो उन्होंने कहा कि नंदी जी हमारी सरकार के मंत्री हैं। आज उनका जन्मदिन है। इसलिए मैं उन्हें सिर्फ जन्मदिन की बधाई दूंगा। निकाय चुनाव में अतीक फैक्टर को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में केशव ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले का प्रयागराज और उसके बाद के प्रयागराज का विकास ही हमारा मुद्दा है।

### नगर पंचायत कोराव में प्रत्यासियों का जन संपर्क तेज

**कोरांव।** नगर पंचायत कोराव में चार मई को होने वाले चुनाव में चेयरमैन की कुर्सी हथियाने के लिए लगभग दस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। और रात दिन जन संपर्क तेज कर दिए हैं। इस बार के अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा के नर सिंह केसरी दुबारा मैदान में भाजपा के चुनाव निशान से कमल का फूल के सहारे उतारे हैं और भाजपा के ही पूर्व चेयरमैन ओम केसरी भी निर्दल प्रत्यासी के रूप में चुनाव निशान जीप ले कर चुनावी दंगल में ताल ठोक दिए हैं। और वहीं पूजा चतुवेर्दी सपा की सायकिल चुनाव निशान से निदान में कूद चुकी हैं। दूसरी तरफ अब्दुल करीम भी मुस्लिम बिरादरी बाहुल्य मतदाताओं के सहारे सितारा निशान तथा अवध नारायण तिवारी सामाजिक कार्यकर्ता अनार चुनाव निशान,पुस्पराज सिंह आम आदमी पार्टी सहित सभी प्रत्यासी पूरी ताकत झोंक दिए हैं। फिलहाल भाजपा उम्मीदवार गोपाल जी केसरी,ओम केसरी,पूजा चतुवेर्दी,अवध नारायण तिवारी,के समर्थन में बड़े बड़े दिग्गज चुनावी समर में ताल ठोक दिए हैं। और अपनी अपनी जीत का दावा करते नजर आ रहे हैं। कुल तेरह हजार लगभग मतदाताओं में सर्वाधिक वोटर मुस्लिम,बनिया समाज,ब्राह्मण समाज अन्य वर्ग के लोग क्या रणनीति इन सभी उम्मीदवारों के बारे में सोंचते हैं वह भविष्य के गर्भ में हैं। किंतु इस बार की लड़ाई में भाजपा प्रत्यासी के समर्थन में भाजपा विधायक राजमणि कोल जी भी जिंजान से लगे हुए हैं।







## मऊआइमा कस्बा में लगा ईद का टर्र मेला, उमड़ी भीड़, पुलिस की रही निगरानी

**बच्चों बडों ने मेले में उठाया जमकर लुफ्त, झूलों की भरमार**

**मऊआइमा।** मऊआइमा में ईद के दिन से तीन दिनों तक टर्र का मेला लगता है। जिसमें भारी भीड उमड पडती है।इस बार महिला, पुरुष कांस्टेबलों की सख्त पहरा थी। मऊआइमा कस्बा में ईद के प्रथम दिन सुबह ईदगाह पर मेला लगता है जबकि दूसरी समय सदरबाजार में मेला लगता है यह लगातार तीन दिनों तक रहता है। जिसमें फाफामऊ, सोरांव, प्रतापगढ़ जिले के आस पास सैकड़ों गांव से लोग परिवार के साथ मेला देखने झूला झूलने आते हैं। पुलिस चुनौंटा कुआं एंव तीन बत्ती का रास्ता लॉक कर देती है। केवल पैदल ही लोग जाते हैं जहां हजारों की भीड रहती है।

# दबंगों ने पत्रकार पर किया जानलेवा हमला, कान का पर्दा फटा

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** के पत्रकार अमित मिश्रा के साथ गुरुवार को एडीए पाठक मार्केट में स्थित विश्वनाथ मेडिकल स्टोर संचालक और उसके गुर्गों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। हमले में पत्रकार अमित मिश्रा के कान का पर्दा फट गया और वह घायल हो गए। हमलावरों ने पत्रकार का मोबाइल तोड़ा दिया। अंदर घसीटने की कोशिश की गई। हैरानी की बात यह है की सारी घटना सीसीटीवी में कैद है, बावजूद इसके हमलावर अपनी शोरेपुश्ती के बूते गुंडई दिखा रहा है।

नैनी के जवाहर नगर मोहल्ले के रहने वाले अमित मिश्रा एक टीवी चैनल में पत्रकार है। 20 अप्रैल को वह पाठक मार्केट गए थे। जहा विश्वनाथ मेडिकल स्टोर संचालक से पानी के थर्मस को लेकर हमला कर दिया। जिसमे पांच से छह लोगो ने अमित मिश्रा के साथ मारपीट की। जब पत्रकार ने वहा लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से कार्रवाई के लिए कहा तो आरोपियों ने ऊंची पहुंच का हवाला देकर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे है। घायल अमित जब मेडिकल कराने गए तो वहा पता चला कि उनके कान का पर्दा फट गया। सीएचसी चाका से उन्हे काल्विन हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। भुक्तभोगी ने नैनी कोतवाली में नामजद तहरीर दी है।

### ग्राम प्रधान से मांगी गई रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी, दी तहरीर

**सोरांव।** बीती रात ग्राम प्रधान के घर पर जाकर गांव के ही कुछ दबंगों ने रंगदारी मांगी व रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए विपक्षी चले गए। भयभीत होकर ग्राम प्रधान ने रविवार को सोरांव थाने में तहरीर देकर विपक्षियों के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया है। सोरांव ब्लॉक के असवा उर्फ.हाजीगंज ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान प्रेम सत्यार्थी पुत्र हरीलाल का आरोप है कि बीती रात गांव के ही फूलचंद्र पटेल पुत्र लालता प्रसाद व वीरेंद्र कुमार पुत्र राम लखन पटेल व राम लखन सरोज पुत्र समय लाल व विनोद पुत्र रामसहाय विश्वकर्मा तथा ज्ञान चंद्र पटेल पुत्र रामकिशोर ने शनिवार देर शाम मेरे घर पर गए। और पुरानी रंजिश को लेकर रंगदारी मांगने लगे। ग्राम प्रधान के मना करने पर उक्त विपक्षीगणों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करके गाली गलौज दिए। तथा जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इतना ही नहीं ग्राम सभा में स्थित कान्हा गौशाला में मौजूद मवेशियों को नुकसान पहुंचाने की भी धमकी दिया है। जिससे भयभीत होकर ग्राम प्रधान ने रविवार को दर्जनों प्रधानों संग सोरांव थाने पर जाकर विपक्षियों के खिलाफ लिखित तहरीर दिया। तथा प्रधान ने आरोप लगाया है कि यदि भविष्य में मवेशियों के साथ या हमारे साथ कोई घटना कारित होती है तो इसके जिम्मेदार विपक्षीगण होंगे।

# उमेश पाल के घर पहुंचे डिप्टी सीएम, परिजनों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की न हो ढिलाई

## अलकायदा की धमकी पर बोले- सरकार हर स्थिति से निपटने में सक्षम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** आतंकी संगठन अल कायदा से निपटने में उत्तर प्रदेश की पुलिस पूरी तरह सक्षम है। यह बात रविवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उमेश पाल के परिजनों से मिलने के बाद कही। अलकायदा ने शुक्रवार को माफिया अतीक अहमद व अशरफ की हत्या का बदला लेने की धमकी दी थी। डिप्टी सीएम ने कहा कि उमेश पाल के परिजनों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। केशव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनी रहे, इसका प्रयास हम कर रहे हैं। अलकायदा की धमकी को जनता महत्व नहीं देती है और जो धमकी देता है, उससे निपटने में हमारी पुलिस सक्षम है। यूपी की पुलिस 25 करोड़ जनता की सुरक्षा का कवच है। उत्तर प्रदेश पुलिस पर भरोसा रखिए। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दो बजे जयंतीपुर स्थित उमेश पाल के घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उमेश पाल के चारों बच्चों से बात की। उन्होंने कहा कि उमेश पाल उनके निकट मित्र की तरह थे। उनकी हत्या के बाद संयोग से यहां आना नहीं हुआ। इस परिवार का हर सदस्य मेरे परिवार की तरह है।उन्होंने उमेश पाल व पुलिस के दो जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। केशव ने उमेश पाल की मां शांति देवी व पत्नी जया पाल से कहा कि उनकी सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। डिप्टी सीएम ने करीब आधा घंटा उमेश पाल के परिजनों के साथ बिताया। इस दौरान वह मां शांति देवी को सांत्वना देते रहे। उमेश पाल की पत्नी जया पाल के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे।





### जया पाल बोलीं, शाइस्ता से परिवार को खतरा

जया पाल ने कहा कि 24 फरवरी को उनके पति की हत्या के बाद से उनका परिवार बहुत डरा सहमा है। चारों बच्चे स्कूल तक नहीं जा रहे हैं। उन्होंने अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन को परिवार के लिए एक बड़ा खतरा बताया। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि परिजनों को बिलकुल भी डरने की जरूरत नहीं है।योगी सरकार में गुंडों माफिया की नहीं चलने वाली। उमेश पाल के आवास पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के अलावा पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, शहर उत्तरी विधायक हर्ष वर्धन वाजपेई, पूर्व विधायक दीपक पटेल सहित अन्य मौजूद रहे।

**शेर के बच्चे हो, डरने की जरूरत नहीं :** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य उमेश पाल के चारों बच्चों से मिले, जिसमें सबसे छोटे बेटे को अपनी गोद में बैठाया। सबसे बड़े बेटे को गले लगाकर कहा कि तुम शेर की बच्चे हो, किसी से डरने की जरूरत नहीं है।

**बिजली की दुकान में भी पहुंचे :** उमेश पाल की गली से सटी बिजली के सामान की दुकान पर भी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दुकान मालिक रमेश चंद्र कुशवाहा का हालचाल लिया। बता दें कि 24 फरवरी को उमेश पाल की हत्या के पहले शूटर गुलाम इसी दुकान में ग्राहक बनकर आया था।

## दिल्ली के माफिया भाइयों की हत्या के लिए मिली थीं तुर्किये की दो पिस्टलें, चकमा देकर भाग आया

**प्रयागराज।** अतीक-अशरफ हत्याकांड में गिरफ्तार शूटर सनी सिंह के बारे में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। यह बात सामने आई है कि उसे तुर्किये में बनीं दो पिस्टलें दिल्ली के कुख्यात माफिया सुनील उर्फ टिल्लू ताजपुरिया की हत्या के लिए दी गई थी। हथियार टिल्लू के विरोधी जीतेंद्र गोगी गैंग की ओर से उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन सनी उन्हें चकमा देकर वहां से भाग निकला था। बाद में उसने अतीक-अशरफ हत्याकांड में इन्हीं हथियारों का इस्तेमाल किया। हमीरपुर का रहने वाला सनी का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास है। पिछले दिनों ही यह बात सामने आई थी कि 2020 में वह जीतेंद्र गोगी गैंग के संपर्क में आया था और इसके बाद वहीं से उसे तुर्किये में बनी जिगाना व गिरसान पिस्टलें मिली थीं। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी की पूछताछ में यह बात सामने आई है कि सनी को हथियार एक हत्या की वारदात करने के लिए दी गई थीं। हत्या दिल्ली के कुख्यात माफिया डॉन सुनील उर्फ टिल्लू की होनी थी। दरअसल टिल्लू और जीतेंद्र गोगी दोनों ही अलग-अलग गैंग चलाते थे जिनके बीच लंबे समय से अदावत चल रही थी।

**जमानत पर रिहा होने के बाद पहुंचा दिल्ली :** उधर एक मामले में हमीरपुर जेल में बंद सनी 2019 दिसंबर में जमानत मिलने के बाद गायब हो गया। इसके बाद उसके खिलाफ दो मामलों में वारंट भी जारी हुआ लेकिन पुलिस उसका पता नहीं लगा पाई। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान वह दिल्ली चला गया और वहां जीतेंद्र गोगी के संपर्क में आ गया। वह बेअंदाज था ही और यही वजह थी कि गोगी ने उसे अपने गैंग में शामिल करने का आश्वासन दिया।इस दौरान उसने गोगी गैंग के लिए कुछ छोटी-मोटी वारदातें भी कीं लेकिन पुलिस से बचा रहा। इसके बाद गोगी गैंग की ओर से टिल्लू की हत्या की योजना बनाई गई। जिसमें सनी को भी शामिल किया गया। इसी के तहत उसे तुर्किये में बनीं दो पिस्टलें दी गईं। इसी दौरान सितंबर 2021 में गोगी की कोर्ट में गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई। जिसके बाद सनी गैंग के अन्य सदस्यों को चमका देकर दोनों पिस्टलें लेकर भाग निकला।

**दिल्ली में ही अरुण से मिला :** सूत्रों का यह भी कहना है कि जांच पड़ताल में यह बात भी सामने आई है कि सनी दिल्ली में ही दूसरे शूटर अरुण से मिला था। दरअसल पानीपत से लूट के मामले में जेल जाने व जमानत पर छूटने के बाद अरुण ने भी दिल्ली का रुख किया था। उधर सनी गोगी की हत्या के बाद भाग निकला लेकिन, अरुण के संपर्क में बना रहा। कुछ दिनों तक उसने एक परिचित की मदद से बांदा में भी फरारी काटी और लवलेश के संपर्क में आया। फिर तीनों के साथ मिलकर अतीक व अशरफ की हत्या कर दी।

# गंगा की निर्मलता अविरलता को लेकर भक्तों ने जताई चिन्ता

## गंगा महासभा के तत्वावधान मे गंगाभक्तों की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** गंगा महासभा के तत्वावधान में माँ गंगा की निर्मलता व अविरलता को लेकर के पूर्व निश्चित कार्यक्रमानुसार गंगाभक्तों की बैठक भारत सेवाश्रम संघ तुलारामबाग में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता स्वामी ध्रुवानन्द जी तथा संचालन गजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया।बैठक मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे स्वामी कुलशेखराचार्य जी महराज उपस्थित रहे। बैठक मे अपने विचार व्यक्त करते हुए महासभा के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र तिवारी ने कहाकि शासन द्वारा गंगा स्वच्छता के किये जा रहे प्रयास निरर्थक साबित हो रहे है क्योकि कार्यपालको की धन कमाऊ नीति से योजनाएं भटक जाती है। गंगा यमुना मे गन्दे नालो को रोकने, खनन पर प्रतिबन्ध लगाने, व्यवसायीकरण पर रोक लगाने के साथ ही गंगा पर बने कानूनों एवं न्यायालय के आदेशों का पालन करने, गंगा - यमुना के किनारे शवदाह गृह निर्माण, स्नान घाटो के पास सुलभ शौचालयों की व्यवस्था, वृक्षारोपण के साथ पेड़ो का संरक्षण संवर्धन जैसे तमाम मागों व सुझावों को गम्भीरता से लागू कराने की जरूरत हैं। महासभा के जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय ने सभी गंगाभक्तो का स्वागत करते हुए गंगा स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता हेतु सभी भक्तो का आवाहन किया।बैठक मे बलबीर गिरी, कमलेश सिंह सभासद, एन पी मिश्रा, शक्तिकृष्ण त्रिपाठी, देवेन्द्र शर्मा, प्रवीण तिवारी, संजीव गुप्ता, मीना जायसवाल, विन्दू राठौर, आशुतोष मिश्रा, सुनील श्रीवास्तव, बद्री प्रसाद मिश्रा, जयराम पाण्डेय, नीलेश्वर मिश्रा, उत्तम कुमार बनर्जी, नित्यानन्द वर्मा, नरेन्द्र कुमार तिवारी, अरूण पाण्डेय, विजय चौहान, मुन्ना सिंह, पंकज मिश्रा आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

## करंट से किसान की मौत, स्टार्टर में उतरा करंट बना काल

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नरेट के मऊआइमा इलाके में बीती रात खेत की सिंचाई करने गया किसान करंट की चपेट में आने से अपनी जान गवा बैठा। पता चलने पर पहुंचे परिजन उसे अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बता दें गंगानगर के मऊआइमा थाना अंतर्गत सकरा मऊ गांव निवासी शिवकुमार (35) पुत्र किशन लाल पटेल सब्जी की खेती किसानी करके परिवार का भरण पोषण करता था। 10 साल पहले उसकी शादी फोटो देवी के साथ हुई थी। उसके दो बच्चे प्रियांशु और दिव्यांशु हैं। परिवारवालों के मुताबिक बीती रात वह 9:30 से 10:00 बजे के करीब खेत की सिंचाई करने के लिए गया था। वहां से जब वह सुबह तक वापस नहीं लौटा तो परिवार के लोग उसे खोजने गए। जहां नलकूप के स्टार्टर के पास वह पड़ा हुआ था। चेक करने पर पता चला कि नलकूप के स्टार्टर में करंट उतर आया था। नलकूप चलाने के दौरान उसे करंट का झटका लगा, जिससे वह वहीं गिर गया। परिवार के लोग उसे अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पहुंची मऊआइमा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

# माफिया अतीक और अशरफ के हत्यारोपियों की कस्टडी रिमांड खत्म, भेजे गए प्रतापगढ़ जेल

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** अतीक अहमद व अशरफ हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए तीनों शूटरों की कस्टडी रिमांड रविवार को खत्म हो गई। इस दौरान तीनों को प्रतापगढ़ जेल में दाखिल करा दिया गया। फिलहाल पांच दिन तक चली पूछताछ में भी हत्याकांड की साजिश के तार नहीं जुड़ पाए। शूटर नाम कमाने के लिए ही वारदात अंजाम देने की बात पर कायम रहे और सनी सिंह ही खुद को मास्टरमाइंड बताता रहा।तीनों शूटर सनी सिंह, अरुण कुमार मौर्य व लवलेश तिवारी को 19 अप्रैल को एसआईटी (स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम) ने कस्टडी रिमांड पर लिया था। इसके बाद पांच दिनों तक उनसे पूछताछ की गई। कस्टडी रिमांड अवधि शाम पांच बजे तक थी। हालांकि इससे पहले ही उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस लाइन से दोपहर 12.30 बजे के करीब उन्हें प्रिजन वैन से रवाना किया गया। दोपहर 2.28 मिनट पर उन्हें प्रतापगढ़ जेल में दाखिल करा दिया गया।

**दो महीने से बना रहे थे योजना :** सूत्रों का कहना है कि एसआईटी की पूछताछ में फिलहाल शूटरों ने किसी साजिशकर्ता का नाम नहीं उगला। वह यही बयान देते रहे कि हत्याकांड को उन्होंने जरायम की दुनिया में नाम कमाने के लिए अंजाम दिया। इसकी प्लानिंग सनी ने दो महीने पहले की थी। 24 फरवरी को उमेश पाल हत्याकांड का वीडियो फुटेज देखने के बाद उन्हें लगा कि जब अतीक का बेटा इस तरह की वारदात कर सकता है तो वे क्यों नहीं। इसके बाद से ही वह टीवी, सोशल मीडिया के जरिये अतीक-अशरफ से जुड़ी हर खबर पर नजर रखने लगे थे। सूत्रों का कहना है कि भले ही शूटर खुद से ही वारदात अंजाम देने की बात पर कायम हैं। लेकिन अब भी उनके बयान पर पूरी तरह भरोसा नहीं किया जा रहा। यही वजह है कि विवेचना में जुटी एसआईटी जल्द ही शूटरों के नार्को या लाई डिटेक्टर टेस्ट की अनुमति के लिए अर्जी दाखिल कर सकती है। हालांकि इसके लिए अभियुक्तों की मंजूरी जरूरी होगी। फिलहाल इस बारे में पुलिस अफसर आधिकारिक रूप से कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

## इविवि एवं कॉलेजों में पीजी प्रवेश के लिए आवेदन 25 अप्रैल से

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) और संघटक महाविद्यालयों में सत्र 2023-24 के तहत परास्नातक (पीजी) प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 25 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। पंजीकरण एवं आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 16 मई निर्धारित की गई है।प्रवेश परीक्षा का पैटर्न और तरीका पिछले वर्ष के समान ही होगा। पीजीएटी-1 के पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित की जाएगी। वहीं, पीजीएटी-2 और इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (आईपीएस) के तहत संचालित पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा केवल ऑनलाइन मोड में होगी। पीजी की कुल 9467 सीटों पर प्रवेश होंगे, जिनमें से 4203 सीटें इविवि परिसर और 5264 सीटें संघटक कॉलेजों में हैं। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. जयंत कुमार पति के अनुसार अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा से एक सप्ताह पहले प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। वैध प्रवेश पत्र एवं मूल पहचान पत्र के बिना किसी भी आवेदक को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी।इसके साथ ही आवेदकों को आवंटित परीक्षा केंद्रों के अलावा किसी भी स्थिति में अन्य परीक्षा केंद्रों में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, गैजेट, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, किसी भी लिखित या मुद्रित कागजात का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा और इसे अनुचित साधन माना जाएगा। विस्तृत विवरण इविवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**60 पाठ्यक्रमों में होंगे दाखिले :** परास्नातक स्तर पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कुल 60 पाठ्यक्रमों में दाखिले लिए जाएंगे। पीजीएटी-1 के तहत एलएलबी, एमकॉम और एलएलएम सहित 32 पाठ्यक्रमों, पीजीएटी-2 के तहत बीएड, एमएड, एमबीएआरडी, एमबीए सहित 24 पाठ्यक्रमों और आईपीएस के तहत एमसीए, एमएससी फूड टेक्नोलॉजी, एमवोक मीडिया स्टडीज एवं पीजीडीसीए में दाखिले होंगे। मैटेरियल्स साइंस में एमटेक भी शामिलइलाहाबाद विश्वविद्यालय इस वर्ष मैटेरियल्स साइंस केंद्र के माध्यम से मैटेरियल्स साइंस और प्रौद्योगिकी में एमटेक पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है।

# संगम में डूबे एक छात्र की मिली लाश

अखंड भारत संदेश

## एसडीआरएफ और जल पुलिस की 3 टीमें चला रहीं सर्च ऑपरेशन, दूसरे की तलाश जारी



**प्रयागराज।** संगम में शुक्रवार शाम को स्नान करते समय डूबे ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के दो छात्रों में से एक की लाश शनिवार शाम को नैनी के अरैल क्षेत्र से गोताखोरों ने ढूंढ निकाली। जबकि दूसरे छात्र का अभी तक पता नहीं चल पाया है। दोनों के परिजन सुल्तानपुर से प्रयागराज आ चुके हैं। बेटों की मौत से कोहराम मचा हुआ है। उन्हें ढूंढने के लिए जल पुलिस, एसडीआरएफ और गोताखोरों की कुल 30 लोगों की टीम लगाई गई हैं।संगम में शाम को साथियों के साथ नहाते समय गहरे पानी में जाने से ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज सालोरी कर्नलगंज के 2 छात्र अमन वर्मा और संदीप गुप्ता डूब गए थे। पता चलने पर शनिवार को परिवार के लोग दारागंज पहुंचे। इंस्पेक्टर दारागंज ने स्वयं मौके पर पहुंचकर जल पुलिस की दो और एसडीआरएफ की एक टीम बनाकर दोनों लड़कों की खोज के लिए सुबह 6:00 बजे से प्रयास करना शुरू किया। रात में 8:00 बजे तक खोजबीन चलती रही। शाम को एक लड़के अमन वर्मा की लाश तो नैनी के अरैल साइड के संगम क्षेत्र में मिल गई। लेकिन संदीप गुप्ता का कुछ पता नहीं चल पाया है। पांच किलोमीटर के दायरे में जाल और कांटे डालकर संगम में डूबे छात्रों की खोजबीन की गई। जिस स्थान पर पानी का बहाव ज्यादा था। वहां गहनता से छानबीन की गई, लेकिन संदीप का कुछ पता नहीं चला।सुल्तानपुर जनपद के चूरमा गांव निवासी अमन वर्मा (19) पुत्र कृष्ण कुमार वर्मा और वीरैता गांव निवासी संदीप गुप्ता (21) पुत्र छोटे लाल गुप्ता प्रयागराज के कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के छोटा बघाड़ा में कमरा किराए का लेकर रहते थे। वह दोनों ईश्वर सरण डिग्री कॉलेज सालोरी में पढ़ते थे। दोनों इस बार बीए सेकंड ईयर के छात्र थे। शुक्रवार की शाम को 4:00 बजे के करीब अमन और संदीप गुप्ता संगम घूमने गए थे। उनके साथ कॉलेज के तीन और छात्र थे। पांचों लोग संगम में नहाने लगे। नहाने के दौरान आपस में वह खेल रहे थे और तैर रहे थे। तैरने के दौरान संदीप और अमन गहरे पानी में जाने की वजह से डूब गए थे।इंस्पेक्टर दारागंज आशीष भदौरिया ने बताया कि अमन वर्मा की लाश 4:00 से 5:00 के बीच में तो मिल गई, लेकिन संदीप का पता नहीं चल पाया है। सुबह 6:00 बजे से जल पुलिस और एसडीआरएफ की तीन टीमें और सर्च ऑपरेशन करती रहीं। अंधेरा होने की वजह से रात में 8:00 बजे सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया। रविवार को फिर से यह सर्च ऑपरेशन कराया जाएगा।

## श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

**प्रयागराज।** हंडिया के बिगहिया ,ब्युर,चन्दनहा समेत तीन गांव के सीमा पर स्थित श्री सिद्ध पीठ शीतला धाम (कोटकीमाता) परिसर में 23 अप्रैल से 30 अप्रैल तक श्री विष्णु महायज्ञ महोत्सव व श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया ' कलश यात्रा हाथी घोड़ा नगाड़ों के साथ प्राचीन शिव मंदिर परिसर से शुरू होकर सेवकरामकापुरा,चन्दनहा, गौरीकापुरा होते हुए भिदियूरा स्थित बुढ़ऊ महाराज से कल्लहवा, ब्युर से वापस मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीले वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई।

**स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देना जरूरी -** जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने कहा कि लोग काम काज और पढ़ाई के सिलसिले में घर से दूर दूसरे शहर जाते हैं इससे संक्रमण या बीमारियाँ उन्हें घेर लेती हैं टीबी की पुष्टि वाले मरीजों को सरकार नजदीकी डॉट्स सेंटर से दवा से लेकर आर्थिक सहयोग तक की सुविधा दे रही है।


**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम राखी पुत्री अशोक कुमार निवासी ग्राम कनकपुर पोस्ट कनकपुर तहसील हंडिया जिला इलाहाबाद अंकित है , भूलवश हमारे आधार कार्ड में अंशिका दर्ज हो गया है जो गलत है मेरा सही नाम राखी पुत्री अशोक कुमार है जो मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।


# ट्रक की टक्कर से महिला अधिवक्ता की मौत

## घर से स्कूटी से बेटे के लिए आइस्क्रीम लाने बाजार के लिए निकली थी ललिता, रामपुर में हुआ हादसा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नरेट के इंडस्ट्रियल एरिया थाना अंतर्गत रामपुर तिराहे के समीप रविवार को ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला अधिवक्ता की मौत हो गई। महिला अधिवक्ता अपने तीन साल के बेटे के लिए आइस्क्रीम लेने के लिए निकली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।यमुनानगर से इंडस्ट्रियल एरिया थाना अंतर्गत मुंगारी डेरा गांव निवासी स्वर्गीय श्यामाचरण जौहरी के 6 बेटियां हैं। उनके बेटे नहीं हैं। उनकी मौत हो चुकी है। बेटी पूजा जौहरी ने बताया कि उसकी पांचवें नंबर की बहन ललिता जौहरी (29) की शादी कोरांव कस्बा निवासी भरत लाल सेठ के साथ हुई थी। उन दोनों के एक बेटा सुभांग है।करछना तहसील में करती थी वकालत ललिता जौहरी ने एलएलबी कर रखी थी। इसलिए वह करछना तहसील में वकालत कर रही थी। साथ में पत्रकार भी थी। पिछले 2 महीने से वह अपने मायके में रहती थी और यहीं से तहसील आया जाया करती थी। रविवार को स्कूटी लेकर वह रामपुर चौराहे की तरफ किसी काम से गई थी। प्रयागराज मिजार्पुर राजमार्ग पर विजया बैंक के सामने एक ट्रक वाले ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ललिता जौहरी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसको नजदीकी अस्पताल भेजा और घरवालों को सूचना दी। ट्रक छोड़कर चालक फरार घरवाले पहुंचे। नजदीकी अस्पताल से उसे शहर के लिए रेफर कर दिया गया। 108 एंबुलेंस से उसे एसआरएन अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। परिवार के लोग भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गये। उसके ससुराल वालों को भी सूचना दे दी गई है।

## एडीसी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का परिचय सभा का आयोजन

**प्रयागराज।** इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के क्षेत्रीय केन्द्र, वाराणसी के अन्तर्गत संचालित इग्नू अध्ययन केन्द्र, इलाहाबाद डिग्री कॉलेज, प्रयागराज के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के परिचय सभा का आयोजन किया गया। जहां डॉ. संजय कुमार, सहायक क्षेत्रीय निदेशक, इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, वाराणसी ने दीप जलाकर परिचय समारोह का शुभारम्भ किया। उच्च शिक्षा जन मानस तक पहुंचने के लिए इग्नू विगत 33 वर्षो से प्रयासरत है। वहीं डॉ. संजय ने इग्नू के नवप्रवेशित छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इग्नू की स्थापना भारत में दूर शिक्षा को प्रोत्साहित करने, आयु, क्षेत्र, धर्म और लिंग पर विचार किये बिना शिक्षा पाने के आतुर लोगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ कराने के उद्देश्य से की गयी । इग्नू सन 1999 कामनवेल्थ आफ लर्निंग द्वारा दूर शिक्षा सामग्री के लिये उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।


# कार्यालय ग्राम पंचायत महुली विकास खंड कोरांव प्रयागराज

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम राज्य वित्त ,मनरेगा , पंद्रहवां वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत महुली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 24/04/2023 से दिनांक 03/05/2023 तक सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 08/05/2023 को 2:00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी निविदा पत्रांक कार्यालय में जमा करना अनिवार्य प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है नियम व शर्तों की जानकारी ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्य का विवरण :-**

1. अस्थाई गोवंश आश्रय महुली में अतिरिक्त नए शेड में ईट, खड़ंजा पानी टंकी नाली निर्माण कार्य।
2. प्राथमिक विद्यालय महुली द्वितीय का मरम्मत टाइल्स इत्यादि कार्य।
3. ग्राम पंचायत महुली में अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल पर चारागाह, बाउंड्री निर्माण कार्य।

**श्रीमती उर्मिला देवी**
**ग्राम प्रधान महुली**
**विकास खंड कोरांव**
**प्रयागराज**

**श्री शशीलेंद्र सिंह**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत महुली**
**विकास खंड कोरांव प्रयागराज**

पत्रांक ग्राम पंचायत निविदा 2023, 2024, दिनाक

# अतीक व अशरफ के हत्यारोपियों को फिर लाया गया प्रतापगढ़ जेल

## जेल रोड का रेल फाटक बंद होने से अफरा-तफरी, एसपी पैदल दौड़े

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अतीक व अषरफ के हत्यारोपी लवलेष तिवारी, अरुण मौर्य व सनी का पुलिस रिमाण्ड आज समाप्त होने पर प्रतापगढ़ कारागार ले आ रही धूमनगंज की पुलिस के हाथ-पैर उस समय फूलने लगे जब जेल रोड की क्रासिंग बंद होने से हत्यारोपियों की गाड़ी के आगे-पीछे वाहन लग गये। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल की भी गाड़ी चैक की तरफ जाम की वजह से नहीं आगे बढ़ पाई तो वह पैदल रेल क्रासिंग तक आए और थोड़ी देर में फाटक खुला, तो सुरक्षित हत्यारोपियों का वाहन जिला कारागार पहुंचा।



जिला कारागार के अंदर जाता हत्यारोपियों का वाहन।

बता दें कि शहर कोतवाल, सीओ तथा अन्य बडे. अधिकारी पहले ही जिला कारागार पहुंच चुके थे। बता दें कि चार दिन की रिमाण्ड में इन तीनों हत्यारोपियों से प्रयागराज में ही पूछताछ हो रही थी। आज रिमाण्ड खत्म होते ही प्रयागराज की धूमनगंज की पुलिस तीनों हमलावरों को लेकर अपरान्ह में दो बजे पहुंची थी। बताया जाता है कि जब रेल फाटक बंद हुआ तो कुछ गाड़ियां जेल की तरफ निकल चुकी थी जबकि हत्यारोपियों का वाहन चैक की तरफ खड़ा था और वाहनों की कतार लगी थी। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक भी वहां पर पहुंचे और जब उनकी गाड़ी आगे नहीं जा पाई तो वह पैदल रेल फाटक तक आए और हत्यारोपियों के वाहन फाटक पार करने के बाद ही वहां से हटे।

## आज दो दिवसीय दौरे पर लालगंज पहुंचेंगे प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज चैबीस अप्रैल सोमवार से रामपुर खास के दो दिवसीय दौरे पर आयेगें। वह सोमवार को अपरान्ह एक बजे लालगंज नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह शाम चार बजे सलेम भदारी, सांगीपुर, खालसा सादात, खानापटटी, मनीपुर में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। अगले दिन मंगलवार को प्रमोद तिवारी प्रातः दस बजे से लालगंज कैम्प कार्यालय पर पार्टी द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों मे भाग लेंगे। सायं साढे पांच बजे विपक्ष के उपनेता प्रमोद लालगंज में शिक्षाविद डा. वीरेन्द्र मिश्र की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# पृथ्वी सुसज्जित होगी तभी हम होंगे सुरक्षितः हलधर दूबे

## पृथ्वी दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** यूनिक वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर आरजीपी सिटी मांटेसरी स्कूल पृथ्वी गंज बाजार पट्टी प्रतापगढ़ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता कृष्ण मूर्ति सिंह ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षमा शंकर पांडे रहे।

पृथ्वी दिवस के अवसर पर हलधर दुबे द्वारा यह कहा गया कि पृथ्वी सुसज्जित होगी तभी हम भी सुसज्जित एवं सुरक्षित रहेंगे और यह कहा कि हम अपने जीवन में कभी भी पृथ्वी दिवस को नहीं मनाएं सुने थे पर आज हमारी धरती माता का जन्मदिवस मनाया जा रहा है। यह बड़ी ही खुशी की बात है श्री पांडे जी द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर बताया गया कि यह 22 अप्रैल 1970 को पहली बार अमेरिका में मनाया गया था जो आज पूरे विश्व में लगभग 190 देशों में मनाया जाने लगा है इस अवसर पर बच्चों एवं अभिभावकों को पृथ्वी माता की जन्म दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाने के लिए शपथ दिलाई कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार पांडे द्वारा बच्चों को पृथ्वी दिवस पर विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यालय में पौधरोपण का कार्य किया गया तथा बच्चों द्वारा चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता का कार्य किया गया और बच्चों को पुरस्कार वितरित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन यूनिक वेलफेयर फाउंडेशन के प्रोग्राम इंचार्ज संतोष चतुर्वेदी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विजय कुमार सिंह, संजय कुमार पाल, जिला पंचायत सदस्य धीरेंद्र प्रताप सिंह, नीरज सिंह, भीष्म प्रताप सिंह, चंद्रबली यादव, भास्कर शुक्ला, स्नेह लता पांडे, नेहा एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते अतिथि।

# आमने सामने बाइक की भिड़ंत में बाइक में लगी आग, दो मरे

## एक गंभीर रुप से घायल, दोनों परिवार के घर में छाया मातम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ईद की बधाई देकर घर लौट रहे युवक की बाइक प्रतापगढ़ जा रहे एक युवक से आमने सामने की जोरदार भिड़ंत होने से टक्कर मार दिया जिससे बाइक में आग लग गई और दोनों की मौके पर मौत हो गई। एक युवक की हालत गंभीर है वह अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के आहोपुर गांव का रहने वाला विनोद पाल अपने घर से स्प्लेंडर बाइक से प्रतापगढ़ जा रहा था जैसे ही वह कठार मोड़ के पास पहुंचा ईद की बधाई देकर अपने घर के अनस को अपाची बाइक पर बैठा कर अदनान घर वापस लौट रहा था। बीती रात 8 बजे हुई भिड़ंत में अपाची बाइक में आग लग गई। दोनों की मौके पर मौत हो गई वहीं बाइक में आग लगने से दोनों आंशिक रूप से झुलस गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं घायल असद को प्रयागराज एसआरएन हॉस्पिटल में रेफर कर दिया। उधर जहां दो परिवार को घर के मातम छा गया वहीं परिवारी जनों का रो रो कर बुरा हाल है। ईद की बधाई देकर घर लौट रहे अदनान को यह नहीं पता था कि वह मौत की आगोश में चला जाएगा। वही विनोद पाल के परिजन भी बुरी तरीके से दहाड़ मार कर रो रहे हैं वही एक व्यक्ति अनस जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

# स्मृति सभा में याद किये गये डा. वीरेन्द्र मिश्र, दी गई पुष्पांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के बहुगुणा पीजी कालेज में रविवार को प्रबन्ध समिति के दिवंगत अध्यक्ष डा. वीरेन्द्र मिश्र की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में जिले के ग्रामीण इण्टर कालेजेज के अध्यक्ष पं. श्यामकिशोर शुक्ल ने स्व. मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रतापगढ़ के शैक्षिक परिवेश को मजबूत बनाने मे उनके योगदान को प्रेरणास्पद कहा।

पूर्व प्राचार्य डा. लालजी त्रिपाठी ने कहा कि डा. वीरेन्द्र ने ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा व तकनीकी शिक्षा से मेधावियों को ज्ञानार्जन के लिए सार्थक प्रयास किये। संस्कृत विद्वान आचार्य पं. पारसनाथ तिवारी व आचार्य डा. शिवमूर्ति शास्त्री एवं आचार्य ज्ञानेन्द्रनाथ त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चारण से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। सभा की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय व संयोजन पूर्व प्रधानाचार्य डा. पूर्णिमा मिश्रा एवं इं. जितेन्द्र तिवारी तथा डा. सिद्धार्थ ने किया। संचालन महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डा. डीपी ओझा एवं आभार प्रदर्शन डा. पूजा एवं डा. वर्तिका ने किया। सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह, डा. सौरभ मिश्र, डा. आरएस त्रिपाठी, शिवाकांत मिश्र, डा. पुरूषो×ाम शुक्ल, इं. सुनील पाण्डेय, वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग पाठक, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी डा. वीरेन्द्र के सामाजिक क्षेत्र में बहुमूल्य योगदानों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डा. राजकुमार पाण्डेय, प्रो. आरपी शुक्ल, विशालमूर्ति मिश्र, भाजपा नेता श्यामकिशोर शुक्ल, ओमप्रकाश पाण्डेय गुडडू, झुन्ना तिवारी, शिक्षक नेता प्रभाकर दुबे, केडी मिश्र, डा. शिवशरण मिश्र, डा. राजेन्द्र मिश्र, सुनील शुक्ल, वैद्यनाथ तिवारी, देवानंद मिश्र, आरडी यादव, डा. रमाशंकर शुक्ल, कमलेश त्रिपाठी, सुरेश मिश्र मदन, पवन शुक्ला, हरिमोहन जायसवाल, दारा सिंह, हरिदत्त तिवारी, शिवाकांत द्विवेदी, गिरिजाशंकर दुबे, विजय मिश्र बाबी, चंद्रप्रकाश तिवारी मुन्ना, पत्रकार महासंघ के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, प्रधानाचार्य रंजन त्रिपाठी, प्रधानाचार्य अखिलेश पाण्डेय, प्रधानाचार्या शोभा श्रीवास्तव, पूर्व प्रधानाचार्या गीता त्रिपाठी, डा. सुशीला मिश्रा, मानसमराल पं. रामफेर पाण्डेय, कैप्टन शिवकुमार शर्मा, गबलू जायसवाल आदि रहे।



डा. वीरेन्द्र मिश्र को पुष्पांजलि अर्पित करते समाजविद्।

# वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्ध माता-पिता के आशीर्वाद से जीवन हुआ धन्य, भण्डारे का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वृद्धाश्रम महुली में आज एक बैठक कार्यक्रम के सफल होने पर की गई। वृद्धाश्रम में रह रहे वृध्दजनों के कल्याणार्थ श्रीमद्भागवत कथा के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया तथा संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी वृद्ध माता-पिता का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि बहुत दिनों से वृद्धजनों के कल्याणार्थ योजना बना रहा था जो अब जाकर साकार हुआ। सभी वृद्धजनों ने 7 दिन कथा सुनने के पश्चात भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। उन्हीं के साथ भंडारे में चिलबिला, महुली, प्रतापगढ़ के भक्तों ने भी प्रसाद पाकर इस पवित्र कार्य में सहयोग किया। वृद्धाश्रम में आने जाने से उनकी भावना से जो बातों से दर्द झलकता था जो वृद्धजन यहां रह रहे हैं उनको यह पल पल रहता है गम मेरे लाल ने क्यों भेज दिया उनकी यह भी इच्छा पूरी हो गई। प्रबंधक अंबिका प्रसाद सिंह ने कहा कि वृद्धाश्रम माधोगंज महुली में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया जिसमें



वृद्धाश्रम में वृद्धजनों की सेवा करते भक्तगण।

वृद्धाश्रम। यहां पर रह रहे तीन वृद्ध माताओं ने व एक बुजुर्ग पिताजी ने मंत्र लेने की इच्छा जताई उन सभी को परम पूज्य गुरु जी विनय मधुकर महाराज से मंत्र भी दिलाया गया जिससे निवासरत सभी वृद्धजनों ने बड़े हर्षोल्लास से कथा को श्रवण किया। श्रीमद्भागवत कथा जीवन का मूल आधार है इसके सुनने से प्राणी की मुक्ति प्राप्ति होती है। कथा का आयोजन श्री रोशनलाल उमरवैश्य के द्वारा आयोजित किया गया जिसके लिए वृद्धाश्रम के प्रबंधक श्री अंबिका प्रसाद द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित कार्यक्रम में डायरेक्टर एलायंस क्लब इंटरनेशनल, वृद्धाश्रम के प्रबंधक अंबिका प्रसाद सिंह, मानसिंह, परम पूज्यनीय विनय मधुकर महाराज जी, राजकुमार राजू ,संतोष कुमार, श्याम किशोर जयसवाल, छेदीलाल, कुंदन उमरवैश्य,शिवेश शुक्ला, परमानन्द मिश्रा, विकास, विवेक यादव, आशीष कुमार, रोहन उमरवैश्य, आदर्श कुमार, सुरेश पुष्पजिवी, सनी, अनुज उमरवैश्य, सानू यादव, विष्णुकांत मिश्रा, प्रशांत पांडे, सौरभ पांडे आदि ने सफल आयोजन के लिए खुशी व्यक्त की।

## चार आरोपियों के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में मारपीट को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे निहाल सराय जगत सिंह निवासी संदीप कुमार मौर्या पुत्र रामकिशुन ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि शनिवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर गांव के हरकेश बहादुर सिंह, सुरेश सिंह, अतुल सिंह व आलोक सिंह ने उसे गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियो ने पीडित को घर के अंदर घुसकर मारापीटा। विपक्षियो के हमले मे पीडित की मां को गंभीर चोटे आ गयी। शोरशराबा होने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# कियावां गांव में मिट्टी की खुदाई में मिली मूर्ति

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के कियावां ग्राम पंचायत में रविवार को स्कूल में मिट्टी डलवाने के लिए मिट्टी की खुदाई के दौरान पत्थर की भगवान विष्णु की मूर्ति मिलने से हड़कंप मच गया। मूर्ति मिलने की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान राजकुमार मौके पर पहुँचे और मूर्ति मिलने की जानकारी से मानिकपुर पुलिस को अवगत कराया। उधर भगवान विष्णु की मूर्ति मिलने से ग्रामीणो की भारी भीड़ जमा हो गई।

ग्राम प्रधान ने गांव मे खाली पड़ी बंजर की जमीन पर भगवान बिष्णु की मूर्ति को ग्रामीणो की सहमति पर सुरक्षित स्थान चिन्हित किया और मूर्ति की साफ सफाई करके पीले वस्त्र पहनाकर रखा गया जिसमे ग्रामीणो ने मूर्ति पर दान दक्षिणा भी चढ़ा कर पूजन अर्चन किया। मूर्ति मिलने की चर्चा आस पास के इलाकों मे फैल गई सभी मूर्ति के दर्शन के लिए दौड़ पड़े। ग्राम प्रधान राजकुमार ने बताया कि गांव वालों का सौभाग्य है की भगवान विष्णु की मूर्ति मिली है जल्द ही भगवान विष्णु का भव्य मंदिर का निर्माण ग्रामीणो व आस पास के लोगों से सहयोग लेकर किया जाएगा।



मिट्टी की खुदाई में मिली मूर्ति।

## चोरों ने उड़ाया टीवी व इन्र्वटर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोडकर टीवी तथा इर्न्वटर आदि घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया। लालगंज कोतवाली के जेवई निवासी जीतेन्द्र सिंह के पुत्र अमित सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि वह परिवार सहित प्रतापगढ़ रहा करते हैं। बीस अप्रैल की रात्रि अज्ञात चोरों ने जेवई स्थित उनके मकान का ताला तोडकर इन्वर्टर तथा टीवी आदि घरेलू सामान चोरी कर ले गये। पीडित ने पुलिस को तहरीर दी है।

# दुर्घटना में चार जखमी, दो रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बोलेरो की स्टेयरिंग अचानक फेल हो जाने से दुर्घटना मे चार लोग गंभीर लोग से घायल हो गये। इनमे से दो को गंभीर दशा मे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पडोसी जिले रायबरेली के नसीराबाद निवासी प्रेम कुमार 50 की दवा कराने परिजन रविवार को प्रतापगढ़ ले जा रहे थे। उदयपुर थाना के पूरे बक्शी के समीप बोलेरो की स्टेरिंग अचानक फेल हो गयी। इसके चलते वाहन सड़क किनारे नीम के पेड़ जा टकरायी। दुर्घटना में चालक समेत चार लोग घायल हो गये। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी लेकर पहुंची। यहां गंभीर रूप से चुटहिल प्रेमकुमार तथा उनकी पत्नी रामा देवी को प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चालक गोविंद कुमार का कहना है कि स्टेरिंग का छल्ला अचानक टूट जाने से दुर्घटना हुई।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिशन मारपीट की घटना मे चार आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट व गालीगलौज का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज के खैरा पुहिला निवासी चंद्रिका प्रसाद की पत्नी गुलाबकली ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तीन अप्रैल को रंजिश को लेकर रामपुर छिवैंया निवासी नीलम यादव, अंजली, मीना व अर्चना पुत्रीगण दयाशंकर उसके घर घुसकर लाठी डंडे से हमला किया। पीडिता ने विरोध किया तो आरोपियो ने गाली देते हुए उसे जान से मार डालने की धमकी भी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# राइफल व पिस्टल के साथ 15 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र रानीगंज के ग्राम सण्डौरा में दो पक्षों में जमीन पर कब्जेदारी को लेकर शनिवार को विवाद हुआ था। इस सम्बन्ध में थाना रानीगंज में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना रानीगंज में मु0अ0सं0 102/2023 धारा 147, 148, 149, 307, 504, 323, 506, 286, 188 भादवि व 7 सीएलए एक्ट बनाम 16 व्यक्ति नामजद व 05 अज्ञात के विरुध अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में जनपद के थाना रानीगंज से प्रभारी निरीक्षक सर्वेश सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित अभियुक्त, विवेचना के दौरान थाना क्षेत्र रानीगंज के ग्राम सण्डौरा से अभियोग उपरोक्त से सम्बन्धित 15 अभियुक्तों को लाइसेंसी असलहा/कारतूस, मोबाइल फोन व कार एवं मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रविन्द्र तिवारी उर्फ रामजी तिवारी पुत्र स्व0 उमाशंकर तिवारी नि0ग्राम नन्दलाल का पुरवा सण्डौरा थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़, धीरज कुमार तिवारी उर्फ राजा तिवारी पुत्र रविन्द्र कुमार तिवारी उर्फ रामजी नि0ग्राम नन्दलाल का

## तीन बोलेरो व एक मोटरसाइकिल बरामद

पुरवा सण्डौरा थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़, स्वपनिल तिवारी पुत्र गोविन्द तिवारी नि0ग्राम नन्दलाल का पुरवा सण्डौरा थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़, उमादत्त शुक्ला उर्फ बब्लू शुक्ला पुत्र दुर्गाप्रसाद शुक्ला नि0ग्राम कटनई थाना बहरिया जनपद प्रयागराज, शुभम शुक्ला पुत्र जितेंद्र प्रसाद शुक्ला नि0 ग्राम नि0ग्राम कटनई थाना बहरिया जनपद प्रयागराज, सुनील कुमार मिश्रा पुत्र बृजेश कुमार शुक्ला नि ग्राम शेखपुर (सराय भारत) थाना सौरांव जनपद प्रयागराज, रामकृष्ण पाण्डेय पुत्र रामआधार पाण्डेय नि ग्राम जमुआ थाना सोरांव जनपद प्रयागराज, विजयनारायण पाण्डेय पुत्र स्व0 रूपनारायण पाण्डेय नि0 ग्राम चकवड थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ, उमेशचंद्र पाण्डेय पुत्र स्व0 शिववरन पाण्डेय नि0 ग्राम छीटपुर थाना दीलीपपुर जनपद प्रतापगढ़, हरीश मिश्रा पुत्र शारदा प्रसाद मिश्रा नि0 ग्राम सरायलीलाधार उर्फ वरचनपुर थाना सोरांव जनपद प्रयागराज, संजय कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 दयाशंकर पाण्डेय नि0 ग्राम कोडसर थाना थरवई जनपद प्रयागराज, संतोष मिश्रा उर्फ पोली पुत्र स्व0 लालता प्रसाद मिश्रा नि0 ग्राम गोहरी थाना फाफामऊ जनपद प्रयागराज, राममिलन यादव पुत्र स्व0 रामअभिलाष यादव नि0 ग्राम गद्योपुर शांतिपूरम थाना फाफामऊ जनपद प्रयागराज, सुरेश कुमार निषाद पुत्र स्व0 कैलास राम नि0 ग्राम जैतपुरा थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर व पवन कुमार दुबे पुत्र श्रीकान्त दुबे नि0 ग्राम 275/137/8 चाँदपुर सलोरी थाना कर्नलगंज जनपद प्रयागराज शामिल हैं। इनके पास से एक अदद रायफल लाइसेंसी 315 बोर, एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर, 05 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक अदद लाइसेंसी पिस्टल 32 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर व 01 खोखा कारतूस 32 बोर, एक अदद लाइसेंसी बंदूक एसबीबीएल 12 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 12 बोर, एक अदद बोलेरो नं0 यूपी 70 जीटी 3999, एक अदद डटसन कार नं0 आरजे 27 यूए 8376 व एक अदद मोटरसाइकिल नं0 यूपी 70डीटी 9602 बरामद हुई। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह, आरक्षी आशु चैधरी, आरक्षी यतेन्द्र कुमार, आरक्षी रवि सिंह, उ0नि0 योगेश चतुवेर्दी, उ0नि0 सालिकराम शुक्ला, उ0नि0 रोहित कुमार, मु0आरक्षी गंगासागर, आरक्षी योगेन्द्र सिंह, उ0नि0 अवनीश सिंह, मु0 आरक्षी नागेन्द्र कुमार अवस्थी, आरक्षी संतोष सिंह, आरक्षी रुद्रांश चैबे, उ0नि0 अश्वनी खरवार, उ0नि0 श्री मनोज कुमार यादव, आरक्षी अखिलेश कुमार, मु0आरक्षी सुभाष चन्द्र यादव व म0आरक्षी स्वाती वर्मा थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ शामिल रहे।

## तीन वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना कन्धई के उ0नि0 महेश कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं 167/95 धारा 307, 504, 506 भादवि. से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त विजय प्रताप सिंह पुत्र देवव्रत सिंह नि0ग्राम सराय भीमसेन थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना कन्धई के उ0नि0 श्री महेश कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं 297/95 धारा 380 भादवि. से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त लल्लू पुत्र पांचू नि0ग्राम आनापुर थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उधर जनपद के थाना लीलापुर के उ0नि0 श्री गणेश दत्त पटेल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अ0सं 495/96 धारा 307, 504 भादवि. थाना लालगंज/लीलापुर से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त सर्वेश कुमार दुबे पुत्र स्व0 श्री राममनोहर दुबें नि0ग्राम मोती का पुरवा कोठार थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र लीलापुर के तीना मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

# निर्वाचन निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता : जिला निर्वाचन अधिकारी

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने की नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 में अध्यक्ष पद, के लिए निर्वाचन लड़ने वाले समस्त उम्मीदवारों के साथ आदर्श आचार-संहिता के सम्बन्ध में बैठक, डीएम ने कहा कि सभी उम्मीदवार आदर्श आचार संहिता का करें अनुपालन



निर्वाचन की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी



बैठक में उपस्थित प्रत्याशी व अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 में अध्यक्ष पद, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के लिए निर्वाचन लड़ने वाले समस्त उम्मीदवारों के साथ आदर्श आचार-संहिता के सम्बन्ध में बैठक की गयी है बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी उम्मीदवारों से कहा कि निर्वाचन निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होनें उम्मीदवारों से कहा कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। किसी भी स्तर पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न किया जाय। चुनाव प्रचार वाहन, सभा तथा चौपाल आदि के लिए संबंधित उप जिलाधिकारियों से अनुमति अवश्य प्राप्त कर लिया जाय, नियमानुसार अनुमति प्रदान की जायेंगी। मतदान कर्मियों को प्रभावित करने कार्य न किया जाय।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान के दिन एजेंट नियुक्त करने से संबंधित विस्तृत जानकारी दी तथा प्रत्याशियों की समस्याओं/जिज्ञासाओं को सुनकर समाधान किया उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयचंद पाण्डेय ने आदर्श आचार संहिता की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किसी अन्य राजनीतिक दल/उम्मीदवार या उसके समर्थक का पुतला लेकर चलने, उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर जलाने अथवा इस प्रकार के अन्य कृत्य व प्रदर्शन नहीं करेंगे, न हीं इसका समर्थन करेंगे निर्धारित व्यय सीमा से अधिक व्यय नहीं करेंगे। किसी भी उम्मीदवार या उम्मीदवारों के राजनीतिक विचारों या कृत्यों से असहमति एवं मतभिन्नता होते हुए भी प्रत्येक व्यक्ति के शांतिपूर्ण विघ्नरहित पारिवारिक जीवन के अधिकार का आदर किया जाएगा। किसी व्यक्ति के विचार/मत/कृत्य का विरोध, उसके निवास के सामने कोई भी प्रदर्शन या धरना आयोजित करके नही किया जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए किसी व्यक्ति की भूमि/ भवन/ अहाते/ दीवार का उपयोग झंडा लगाने/ झंडिया टॉगने/ बैनर लगाने जैसे कार्य उस व्यक्ति की अनुमति के बिना नहीं किया जाएगा और न ही अपने चुनाव कार्यकताओं/ एजेन्ट को ऐसा करने देंगे। किसी भी शासकीय/ सार्वजनिक संपत्ति/ स्थल/ भवन/ परिसर में/ पर विज्ञापन, वॉल राइटिंग नहीं करेंगे, कटआउट/ होर्डिंग/ बैनर आदि नहीं लगाएंगे और ना ही किसी प्रकार से गंदा करेंगे। अन्य उम्मीदवार के पक्ष में आचार संहिता का उल्लंघन कर लगाए गए झंडे या पोस्टरों को स्वयं न हटाकर, उन्हें हटाने तथा नियम संगत कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन से अनुरोध किया जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए वाहनों के प्रयोग के लिए जिला प्रशासन से अनुमति प्राप्त की जाएगी।

बैठक में अधिकारियों ने कहा कि चुनाव प्रचार हेतु लाउडस्पीकर एवं साउंड बॉक्स का प्रयोग पूवार्नुमति लेकर ही करेंगे और इनका प्रयोग रात 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। स्थायी तौर पर लाउडस्पीकर एवं साउण्ड बाक्स नही स्थापित किया जाएंगा। टीवी चैनल/केबिल नेटवर्क/ वीडियो वाहन अथवा रेडियो से किसी भी प्रकार का विज्ञापन/प्रचार जिला प्रशासन की अनुमति के पश्चात ही किया जाएगा। कोई भी मुद्रक या प्रकाशक या कोई व्यक्ति ऐसी कोई निर्वाचन/प्रचार सामाग्री, जिसके मुख पृष्ठ पर उसके मुद्रक व प्रकाशक का नाम और पता न हो, मुद्रित या प्रकाशित नही करेगा और न ही मुद्रित या प्रकाशित कराएगा। मुद्रण के अंतर्गत फोटोकॉपी भी सम्मिलित होगी। किसी भी व्यक्ति द्वारा राजनैतिक दलों/प्रत्याशियों की अनुमति के बिना उनके पक्ष में निर्वाचन विज्ञापन या प्रचार सामग्री प्रकाशित नहीं करायी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता है तो उसका यह कृत्य भारतीय दंड संहिता की धारा 171-एच के अंतर्गत दंडनीय होगा।

सभा/रैली/जुलूस का आयोजन जिला प्रशासन से पूर्व अनुमति लेकर किया जाएगा। किसी अन्य राजनैतिक दल/उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित सभाओं और जुलूसो आदि में किसी भी प्रकार से बाधा या विघ्न उत्पन्न नहीं किया जाएगा सभा/रैली/जुलूस को इस प्रकार आयोजित किया जाएगा कि यातायात में बाधा उत्पन्न न हो। जुलूसों और सभाओं या रैलियों में जिला प्रशासन द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अंतर्गत प्रतिबंधित असलहे, लाठी-डंडे/ईट-पत्थर आदि लेकर नहीं चलेंगे। सभा/रैली/जुलूस में लाउडस्पीकर या किसी प्रचार वाहन /वीडियो वाहन का उपयोग जिला प्रशासन की अनुमति लेकर करेंगे। रात के 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक लाउडस्पीकर/साउण्ड बाक्स का प्रयोग नहीं किया जाएगा । मतदान समाप्त होने के लिए निर्धारित समय से 48 घंटे पूर्व सार्वजनिक सभा व चुनाव प्रचार बंद कर दिया जाएगा। इसमें टीवी/केबिल चैनल/रेडियो/प्रिंट मीडिया आदि द्वारा चुनाव प्रचार/विज्ञापन भी सम्मिलित होगा। किसी भी उम्मीदवार के व्यक्तिगत जीवन से संबंधित पहलुओं पर आलोचना नहीं की जाएगी। मत प्राप्त करने के लिए जातीय, साम्प्रदायिक और धार्मिक भावना का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहारा नहीं लिया जाएगा। पूजा स्थलों यथा-मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर व गुरुद्वारा आदि का उपयोग निर्वाचन में प्रचार के लिए तथा निर्वाचन संबंधी अन्य कार्यों के लिए नहीं किया जाएगा। निर्वाचन कार्य में लगे हुए अधिकारियों के साथ शांतिपूर्वक, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तथा सुव्यवस्थित ढंग से मतदान संपन्न कराने के लिए सहयोग करेगें। फर्जी मतदान करने अथवा कराने के लिए किसी व्यक्ति को न तो उकसाएंगे, न ही मदद करेंगे। मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने/वापस ले जाने के लिए वाहन नहीं उपलब्ध कराया जाएगा। वोट डालने के लिए कोई भी मतदाता स्वयं अथवा अपने परिवार के सदस्यों के लिए अपने निजी वाहन को मतदान केंद्र के 100 मीटर रेडियस तक ही ले जा सकेंगे। मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के रेडियस के अंदर चुनाव प्रचार नहीं करेंगे, न हीं वोट मांगेंगे।

मतदान केंद्र में या उसके आसपास आपत्तिजनक आचरण नहीं करेंगे। मतदान से संबंधित अधिकारियों के कार्य में बाधा नही डालेंगे, न हीं उनसे अभद्र व्यवहार करेंगे। मतदान केंद्रों पर कब्जा करने अथवा मतदाता को मतदान से रोकने या उसे मतदान स्थल तक जाने में बाधा उत्पन्न करने का कार्य नहीं करेंगे। मतदाताओं को पहचान पर्चियां सादे कागज पर दी जाएगी और उन पर कोई प्रतीक उम्मीदवार का नाम नहीं होगा। मतदान के दिन मतदान केंद्रों के निकट लगाए गए शिविर लघु आकार के होंगे और आसपास अनावश्यक भीड़ नहीं होने देंगे, उस पर कोई झंडा, प्रतीक अथवा अन्य कोई प्रचार सामग्री प्रदर्शित नहीं की जाएगी एवं न हीं खाद्य पदार्थ दिए जाएंगे।

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 252 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 28 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना करारी से दो थाना पश्चिम शरीरा से दो थाना कौशाम्बी से पांच थाना सराय अकिल से दो थाना पिपरी से दस थाना सैनी से दो थाना कड़ाधाम से चार कुल 28 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## नगर पालिका परिषद भरवारी में किस करवट बैठेगा राजनीति का ऊंट!

### हेलीकॉप्टर से नेता देखे प्रत्याशी की कहां तक है हवा




**कौशाम्बी।** यूपी में नगर निकाय के प्रथम चरण चुनाव में कौशाम्बी भी शामिल है,जिले की दो नगर पालिका एवम आठ नगर पंचायत में चुनाव प्रक्रिया के तहत 21 अप्रैल को चुनाव चिन्ह आवंटन के बाद चुनावी हलचल तेज हो गई है। इस बार नगर पालिका परिषद भरवारी का चुनाव बेहद दिलचस्प हो गया है,इस चुनाव में सत्तासीन पार्टी ने बसपा के पूर्व विधायक की बहु को अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया है। नगर पालिका के रूप में भरवारी में पहली बार अध्यक्ष पद का चुनाव जीत कर कमल खिलाना सत्तासीन पार्टी के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है। कारण कि सत्तासीन पार्टी ने ऐसे प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा है जिनका जनाधार बसपा में तो था लेकिन सत्तारूढ़ पार्टी में बिल्कुल भी नहीं है।अब ऐसे में पुराने कार्यकर्ता और भरवारी की जनता किसी भी सूरत में हेलीकॉप्टर से लाए गए बाहरी प्रत्याशी को स्वीकार नही करना चाह रहे है। वहीं बसपा ने भी कांग्रेस पार्टी से दो बार विधायकी और सांसदी का चुनाव लड़ चुके प्रत्याशी को नगर पालिक भरवारी से अपना प्रत्याशी घोषित किया है।नगर पालिका के लोगो को राजनीति की यह भाषा समझ नही आ रही है। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जनता रबर स्टैंप के रूप में देख रही है,लोगो में दबी जुबान पर चर्चा है कि अगर सपा का प्रत्याशी भरवारी से चुनाव जीत हासिल करता है तो वह सपा के एक नेता का रबर स्टैंप बनकर रह जायेगा। अब अगर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी की बार करे तो इस प्रत्याशी के प्रतिनिधि ने तो टिकट पाने से पूर्व ही शराब पार्टी का आयोजन शुरू कर दिया था,जोकि बदस्तूर अभी भी जारी है,शाम होते ही कांग्रेस के प्रत्याशी का प्रतिनिधि अपने कार्यालय में शराब का बार खोल देता है और शराबियों के जमघट के बीच वह मस्त रहता है। मतदाताओं के साथ-साथ प्रत्याशी असमंजस की स्थिति में है चारो ओर घमासान मचा हुआ है जीत का सेहरा किस पर बंधेगा यह भविष्य के गर्त में है।

# अदालत के बाद आदेश पर 5 महीने बाद कब्र खोदकर निकाली गई बालक की लाश

### बालक की हत्या किए जाने पर परिजन लगातार पुलिस अधिकारियों से पोस्टमार्टम कराए जाने के लिए दे रहे थे शिकायती पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रूपनारायनपुर सैलावी गांव में 5 महीने पूर्व एक बालक की गला घोटकर हत्या किए जाने के मामले में अधिकारियों से न्याय न मिलने पर भुक्तभोगी परिवार अदालत की चौखट पर पहुंचा अदालत के आदेश के बाद पुलिस और मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में कब्र खोदकर बालक की लाश कब्र से बाहर निकाली गई है और पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के रूपनारायनपुर सैलाबी गांव में 11 नवंबर 22 को तौसीफ अहमद उम्र 10 वर्ष पुत्र लाईक अहमद की गला घोट कर हत्या की गई थी घर के बाहर उसके हाथ में वा गले में दुपट्टा लपेटा हुआ था परिजनों का कहना था कि बालक की हत्या की गई है बालक के परिजन लगातार पुलिस अधिकारियों से लेकर जिला प्रशासन को शिकायती पत्र दे रहे थे लेकिन बालक की लाश को पोस्टमार्टम कराने के लिए अधिकारी तैयार नहीं थे पीड़ित परिजनों ने अदालत में गुहार लगाई अदालत के निर्देश पर कब्र खोदकर बालक के शव को कब्र से बाहर निकाला गया है और बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है इस दौरान तमाम ग्रामीणों की मौके पर भीड़ लगी रही पोस्टमार्टम रिपोर्ट तौसीफ अहमद के मौत का रहस्य खोलेगी।



कब्र खोदकर शव निकालती पुलिस

# दो बाईकों में आमने सामने टक्कर, बाइक सवार एक युवक की मौत

### हादसे में 3 घायल एक घायल की हालत नाजुक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र का युवक बाइक से पश्चिम थाना क्षेत्र ससुराल गया था जहां देर रात सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई है मामले की जानकारी जैसे ही परिजनों को लगी परिवार में कोहराम मच गया है पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के दानपुर महाबा गांव के पास शनिवार की देर रात्रि में दो बाइको में आमने-सामने टक्कर हो गई हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि इस भयंकर हादसे में 3 अन्य घायल बताए जा रहे हैं।जिसमे से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और घायल युवकों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। पुलिस ने मृतक के घरवालों को सूचना दी,जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया,रोते बिलखते हुए परिजन घटनास्थल पर पहुंचे है। घटनाक्रम के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के दानपुर महावा गांव के पास शनिवार की देर रात की है जहा मंझनपुर थाना क्षेत्र के घना का पूरा के रहने वाला प्रवेश कुमार 28 वर्ष पुत्र रामशरण शनिवार को अपनी ससुराल गया हुआ था। प्रवेश ससुराल से किसी काम को लेकर असाढ़ा आया था। वहां से वह करीब साढ़े 8 बजे रात ससुराल लौट रहा था। इसी बीच उसे कस्बे का एक अज्ञात युवक बाइक पर लिफ्ट मांग कर बैठ गया। उनकी बाइक दानपुर महावा के पास पहुंची थी कि अचानक सामने से आ रही बाइक से तेज रफ्तार गति से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइकों के परखचे उड़ गए। हादसे में प्रवेश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया,जबकि उसकी गाड़ी में बैठा अज्ञात युवक घायल हो गया। दूसरी बाइक पर सवार पप्पू पुत्र धर्मराज निवासी जमुआ थाना करारी व अनुज पुत्र दुर्गा प्रसाद हाजीपुर पतौना थाना मंझनपुर घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पश्चिम शरीरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को जिला अस्पताल एम्बुलेंस के जरिए भेज दिया जहा उनका इलाज चल रहा है।



हादसे के बाद घटनास्थल पर बचाव एवं राहत कार्य करती पुलिस

## अनियंत्रित बोलेरो सड़क पर रखे ईंट से टकराई सात घायल

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कादिराबाद गांव के लोग शनिवार को बोलैरो में सवार होकर संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बसेड़ी गांव में रिश्तेदारी में दावत खाने गए थे शनिवार की रात्रि लगभग 11:30 बजे बोलेरो सवार सभी लोग वापस कादीराबाद गांव जा रहे थे जैसे ही बोलेरो सवार मंझनपुर कोतवाली के समदा कोल्ड स्टोरेज के पास पहुंचे सड़क पर रखे ईट की वजह से बोलेरो अनियंत्रित हो गई और हादसे का शिकार हो गई इस हादसे में बोलेरो में सवार महिला पुरुष बच्चे समेत 7 लोग घायल हो गए हैं दुर्घटना के बाद बोलैरो में चीख-पुकार मच गई हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के घरों के लोग बाहर निकले मामले की सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पुलिस और एंबुलेंस पहुंची बोलेरो में सवार घायलों को बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया है जहां घायलों का इलाज चल रहा है मामले की जानकारी घायलों के परिजनों को लगी तो वह भी रोते बिलखते जिला अस्पताल पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली अंतर्गत समदा चौराहे के नजदीक कोल्ड स्टोर के पास शनिवार की रात्रि लगभग 11:30 बजे एक बोलेरो गाड़ी संख्या यू पी 73एसी1713 अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे रखे ईंट से टकरा गयी जिससे बोलेरो में सवार सभी लोग घायल हो गए। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के घरों के लोग बाहर निकल आए और आस पास के लोग मौके पर पहुचे 108 एम्बुलेंस एवं पुलिस को सूचना दी गयी सूचना पाकर 108 की तीन एम्बुलेंस यूपी32ईजी 4474, यूपी32ईजी4294, यूपी32ईजी 0022 एवं पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल 108 एम्बुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया गया बोलेरो में सवार पुष्पा देवी 25 वर्ष नवीन 13 वर्ष रंजीत दिवाकर 22 वर्ष आंचल 17 वर्ष विवेक 30 वर्ष और चालक नवीन 29 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।



**बोलेरो सवार रिश्तेदारी से निमंत्रण खाकर वापस घर लौट रहे थे**

## न्यूज झरोखा

### निकाय चुनाव को लेकर मंझनपुर सीओ ने किया पैदल गस्त



**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा थाना मंझनपुर पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र अन्तर्गत फूटमार्च किया इस दौरान उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने में सहयोग की अपील की पैदल गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी ने हिस्ट्रीशीटरों को चेक किया तथा जन सामान्य से कानून का पालन करने की अपील की।

### सीओ चायल ने बाजार में किया पैदल गस्त



**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी चायल द्वारा थाना पिपरी अंतर्गत चायल मनौरी कस्बे में फूटमार्च किया गया इस दौरान पुलिस ने व्यापारी बंधुओ से सीसीटीवी लगाने और सड़क पर अवैध अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की तथा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गई।

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कडाधाम पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त राजेन्द्र कुमार पुत्र टेक चन्द्र निवासी थुलगुला थाना सैनी को 500 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त कुलदीप सिंह उर्फ कल्लू पटेल पुत्र लल्लू पटेल निवासी रक्सराई थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वारण्टी अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त कुलदीप सिंह उर्फ कल्लू पटेल पुत्र लल्लू पटेल निवासी रक्सराई थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# अज्ञात कारणों से बेर की बाग में लगी आग



**अखंड भारत संदेश**

**कल्यानपुर कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली के कोर्रो गांव के पास रविवार को बेर की बाग में अचानक आग लग गई।आग इतनी तेजी से फैलती नजर आई कि ग्रामीणों के होश उड़ गए ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दिया। फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद ग्रामीणों ने विकराल आग पर पानी डालकर काबू का प्रयास किया कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया काफी देर बाद घटनास्थल पर पहुंची अग्निशमन दल के लोगों ने औपचारिकता निभाई खाना पूर्ति करते हुए अग्नि शमन कर्मी डंडों से पटक पटक कर आग को बुझा रहे थे और दमकल गाड़ी रोड पर खड़ी थी। ग्रामीणों की माने तो बाग में आग गंजेडियो की वजह से लगी है।चूंकि ससुर खदेरी नदी के पास आए दिन गंजेड़ी देखे जाते है।

# शराब के साथ आठ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

कौशाम्बी जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 95 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्धः सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राकेश सरोज पुत्र स्व0 राम आसरे निवासी मानपुर गौरा थाना मंझनपुर को।गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शुभम कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी निबीसाना थाना चरवा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त जगत पाल पुत्र जगदीश प्रसाद निवादी चायल खास थाना पिपरी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा सुनील कुमार दास पुत्र स्व० सन्तलाल रैदास निवासी सहजादपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बागवान पुत्र राहगीर निवासी अझुवा थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 12 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मुन्नी लाल पुत्र स्व0 राम सजीवन निवासी काजीपुर थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार कर कब्जे से 14 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त जयकरन पुत्र दुलारे निवासी हब्बू नगर थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 19 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रीतू पत्नी विजय सरोज निवासी मलाक मोहिउद्दीनपुर थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस द्वारा पांच अभियुक्तों मदरी लाल सरोज पुत्र स्व0 बाबू लाल रज्जन तिवारी पुत्र गना प्रसाद निवासीगण रसूलपुर गिरसा थाना कोखराज लालता प्रसाद पुत्र स्व0 राम विशाल पन्ना लाल पुत्र स्व0 छोटे लाल व गणेश पुत्र निखारी निवासीगण बालकमऊ थाना कोखराज को सार्वजनिक स्थान पर हार- जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 210 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 350 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई।

जन संपादकीय

# स्वयं की क्षमता, ऊर्जा को पहचाने

स्वयं की क्षमता, शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानना आज के नव युवकों के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वयं के विकास से तात्पर्य खुद के लिए रोजगार की तलाश और राष्ट्रीय हित में योगदान भी हो सकता है। भारत की विशाल आबादी के हिसाब से भारत नौजवानों का देश है और भारत सरकार के लिए इतने युवा लोगों के लिए नौकरी उपलब्ध कराना संभव भी नहीं है कि सभी युवकों के लिए समुचित नौकरी का प्रबंध या इंतजाम कर सके। ऐसे में पढ़े-लिखे नौजवानों का यह महती दायित्व बन जाता है कि वह स्वयं की क्षमता को पहचान कर मेक इन इंडिया या स्वावलंबी होने का भरसक प्रयास करें। स्वयं की क्षमता को पहचानने वाला व्यक्ति समाज में एक आदर्श बनकर उभरता है और उसकी प प्रसिद्धि समाज में स्वयं हो जाती है। युवक स्वयं का रोजगार बनाकर न सिर्फ खुद की बेरोजगारी दूर करता है, बल्कि वह दूसरों के लिए भी रोजगार का साधन बन जाता है। यह राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक समीचीन तथा राष्ट्रीय विकास के लिए एक अच्छे सूचक के रूप में सामने आता है। स्वयं अपनी क्षमताओं को पहचानना एवं अपने अंदर के उद्यमी को रोजगार के लिए उपयोग में लाना मनुष्य का एक तरह का अलंकार या आभूषण ही है जो मनुष्य के लिए सुखी होने का बड़ा स्रोत है। वैसे भी नौकरी करके युवा एक तरह से परतंत्र, पराधीन हो जाता है और अपनी क्षमताओं का खुलकर प्रयोग नहीं कर पाता यही कारण है कि राष्ट्र के समग्र विकास में उसकी क्षमताओं का सही उपयोग नहीं हो पाता। राष्ट्रीय योजना मेक इन इंडिया के अंतर्गत आव्हान किया गया है कि नौजवानों को अपनी शिक्षा,तकनीकी शिक्षा एवं स्किल का उपयोग कर भारत देश के लिए हर तरह के आवश्यक वस्तुओं का स्वयं निर्माण करें एवं दूसरे नौजवानों के लिए आदर्श स्थापित करें जिससे संपूर्ण देश स्वावलंबी बने। स्वयं की क्षमताओं को पहचानने वाला व्यक्ति स्वतंत्र ,स्वाभिमानी होकर स्वयं पर पूर्ण विश्वास करने वाला आत्मविश्वासी व्यक्ति होता है। ऐसे में भविष्य में राहों में जितनी भी मुश्किल है या कठिनाई आती है उसका वह अपने ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करने से नहीं चूकता है। अपनी क्षमताओं को पहचानने के कारण व्यक्ति अत्यंत सरल, सहज एवं आत्मविश्वासी होकर दूसरों की मदद करने से भी पीछे नहीं हटता। स्वयं का रोजगार तलाशने या अपने लिए कोई उद्यम बनाने में युवाओं में जो ज्ञान प्राप्त होता है फल स्वरूप वह युवा अत्यंत त्यागी तथा समाज के लिए सेवा भाव भी रखने वाला होता है। स्वावलंबन से दूसरों पर निर्भर होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती एवं अपने ही ज्ञान तथा क्षमता से वह उन्नति के सोपान चढ़ते जाता है, एवं राष्ट्र के लिए एक धरोहर की तरह होता है। खुद की क्षमता पहचान कर अपना उद्यम डालने से न सिर्फ समाज में विकास होता बल्कि देश में भी विकास के योगदान में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होता है। ऐतिहासिक तौर पर भी खुद की क्षमता पहचानने एवं अपनी उर्जा को सही दिशा में लगाने के कारण बड़े-बड़े महापुरुषों का जन्म हुआ है। जितने भी बड़े महापुरुष हुए हैं, वे पैदाइशी महापुरुष नहीं थे उन्होंने अपनी क्षमता, शक्ति एवं ज्ञान को पहचान कर उसमें समुचित एवं निरंतर परिश्रम कर एक नए मुकाम को हासिल किया था और तब ही वे महापुरुषों की श्रेणी में शामिल हुए हैं। पौराणिक तौर पर प्रभु श्री राम ने वन गमन कर रावण का वध किया और एक धार्मिक इतिहास बनाया। अपनी क्षमताओं को पहचान कर उसे सही दिशा देने का सबसे बड़ा उदाहरण एकलव्य है जिसने जंगल में धनुर्विद्या लगातार अभ्यास करके अर्जुन की तरह बहुत बड़े धनुर्विद्या के शूरवीर बने। कोलंबस ने भी अपनी शक्ति क्षमता को पहचानते अमेरिका की खोज की और गरीब मां बाप की संतान अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अमेरिका का सर्वोच्च पद प्राप्त किया। राइट ब्रदर्स ने अपने ज्ञान का समुचित विकास एवं उपयोग कर हवाई जहाज की खोज की। खुद की शक्ति एवं ऊर्जा के विकास और स्वावलंबन का सबसे बड़े उदाहरण महात्मा गांधी रहे जिन्होंने ना सिर्फ अपनी क्षमता को पहचाना बल्कि पूरे हिंदुस्तानियों को दिशा दिखा कर स्वतंत्रता का आह्वान कर स्वाधीनता प्राप्त की और महात्मा गांधी के रूप में भारत में स्थापित हुए।

खुद की क्षमता एवं शक्ति को पहचानने से व्यक्ति भी महानता की श्रेणी में खड़ा होकर देश के विकास में एक बड़ा सोपान अर्जित करता है। इससे सिर्फ व्यक्ति ही महान नहीं बनता बल्कि देश को भी महान बनाने में उसका योगदान बहुत ज्यादा तथा महत्वपूर्ण होता है। मनुष्य अपनी क्षमताओं को वैसे तो आसानी से पहचान नहीं पाता है लेकिन यदि वह अपनी अंतर शक्ति, विशेषताओं को किसी भी उम्र में भी पहचान कर उसका देश के लिए समुचित उपयोग कर सकता है इसीलिए मेक इन इंडिया के लिए युवकों को अपनी क्षमताओं शक्ति तथा ऊर्जा को पहचान कर नए नए उद्यम लगाकर देश के विकास में सहयोग करना चाहिए। यह एक सकारात्मक चरित्र विकास की प्रथम पंक्ति होती है। इससे मनुष्य में और खासकर युवा वर्ग में निर्भीकता,कठोर श्रम करने की शक्ति एवं संयम जैसी विशेषताओं का प्रादुर्भाव होता है। व्यक्ति समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में चार चांद लग जाते हैं। उन्नत शिक्षित परिश्रमी एवं सदाचारी युवाओं से ही कोई राष्ट्र महानता की श्रेणी में पहुंच जाता है।

# भटक राह से है गए, स्वशासन के मंच...

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**बिखर गई पंचायतें, रूठ गए है पंच।**
**भटक राह से है गए, स्वशासन के मंच।।**

राज्य सरकार स्थानीय नौकरशाही के माध्यम से स्थानीय सरकारों को बाध्य करती हैं। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक निर्माण परियोजनाओं के अनुमोदन के लिए अक्सर ग्रामीण विकास विभाग के स्थानीय अधिकारियों से तकनीकी स्वीकृति और प्रशासनिक अनुमोदन की आवश्यकता होती है, सरपंचों के लिए एक थकाऊ प्रक्रिया जिसके लिए सरकारी कार्यालयों में बार-बार जाने की आवश्यकता होती है। स्थानीय कर्मचारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखने की सरपंचों की क्षमता सीमित है। कई राज्यों में, पंचायत को रिपोर्ट करने वाले स्थानीय पदाधिकारियों, जैसे ग्राम चौकीदार या सफाई कर्मचारी, की भर्ती जिला या ब्लॉक स्तर पर की जाती है। अक्सर सरपंच के पास इन स्थानीय स्तर के कर्मचारियों को बर्खास्त करने की शक्ति भी नहीं होती है।

आजकल हमें ऐसी खबरें सुननें और पढ़ने को मिल रही है कि देश के अमुक गांव के सरपंच ने कर्ज के चलते आत्महत्या कर ली। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? भारत की पंचायती राज प्रणाली में गाँव या छोटे कस्बे के स्तर पर ग्राम पंचायत या ग्राम सभा होती है जो भारत के स्थानीय स्वशासन का प्रमुख अवयव है। सरपंच, ग्राम सभा का चुना हुआ सर्वोच्च प्रतिनिधि होता है। प्राचीन काल से ही भारतवर्ष के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक जीवन में पंचायत का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। सार्वजनिक जीवन का प्रत्येक पहलू इसी के द्वारा संचालित होता था। वर्तमान में ई-पंचायत के विरोध में हरियाणा प्रदेश भर में ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवों द्वारा धरने दिए जा रहे हैं और बीडीपीओ कार्यालय को ताले जड़े जा रहे हैं, सरकार ग्राम पंचायत में ई-प्रणाली शुरू करने जा रही है। हरियाणा के सरपंचों का कहना है कि ग्राम पंचायत में इस तरह की प्रणाली पर काम नहीं हो पाएगा। ऐसे में गांवों के विकास कार्य प्रभावित होंगे। विकास कार्य न होने पर ग्रामीण भी सड़कों पर उतर जाएंगे। भारतीय संविधान में 73वें संविधान संशोधन द्वारा पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास



के लिए स्थानीय लोगों की भागीदारी का प्रावधान किया गया है। 73वें और 74वें संविधान संशोधन अधिनियमों के तीन दशक से भी अधिक समय के बाद, राज्य सरकार, स्थानीय नौकरशाही के माध्यम से, पंचायतों पर काफी विवेकाधीन अधिकार और प्रभाव का प्रयोग करना जारी रखती हैं। भारत में, स्थानीय निर्वाचित अधिकारियों (जैसे कि तेलंगाना में ये सरपंच ) की शक्तियाँ राज्य सरकारों और स्थानीय नौकरशाहों द्वारा कई तरह से गंभीर रूप से सीमित रहती हैं, जिससे स्थानीय रूप से निर्वाचित अधिकारियों को सशक्त बनाने के लिए संवैधानिक संशोधनों की भावना कमजोर होती है। ग्राम पंचायत रोजमर्रा की गतिविधियों के लिए राज्य और केंद्र से मिलने वाले अनुदान (विवेकाधीन और गैर-विवेकाधीन अनुदान) पर आर्थिक रूप से निर्भर रहती हैं। मोटे तौर पर, पंचायतों के पास धन के तीन मुख्य स्रोत - राजस्व के अपने स्वयं के स्रोत (स्थानीय कर, सामान्य संपत्ति संसाधनों से राजस्व, आदि), केंद्र और राज्य सरकारों से सहायता अनुदान, और विवेकाधीन या योजना-आधारित धन होते हैं । राजस्व के अपने स्वयं के स्रोत (कर और गैर-कर दोनों) कुल पंचायत निधियों के एक छोटे से अनुपात का गठन करते हैं। पंचायतों के लिए विवेकाधीन अनुदानों तक पहुंच राजनीतिक और नौकरशाही संबंधों पर निर्भर करती है। स्वीकृत धनराशि को पंचायत खातों में स्थानांतरित करने में अत्यधिक देरी से स्थानीय विकास रुक जाता है। उन्हें आबंटित धन का उपयोग कैसे करना हैं, इस पर भी गंभीर प्रतिबंध हैं। राज्य सरकारें प्रायः पंचायत निधियों के माध्यम से विभिन्न व्ययों पर खर्च की सीमाएँ लगाती हैं। जैसे हाल ही में हरियाणा में सरकार ग्राम पंचायत में ई-प्रणाली शुरू करने जा रही है। ग्राम पंचायत में इस तरह की प्रणाली पर काम नहीं हो पाएगा। ऐसे में गांवों के विकास कार्य प्रभावित होंगे। विकास कार्य न होने पर ग्रामीण भी सड़कों पर उतर जाएंगे। पंचायत निधि खर्च करने के लिए दोहरे प्राधिकरण की व्यवस्था करती है। सरपंचों के साथ ही, भुगतान के लिए नौकरशाही की सहमति की आवश्यकता होती है। सरपंच और पंचायत सचिव को पंचायत निधि से भुगतान के लिए जारी किए गए चेक पर सह-हस्ताक्षर करना चाहिए । राज्य सरकार स्थानीय नौकरशाही के माध्यम से स्थानीय सरकारों को बाध्य करती हैं। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक निर्माण परियोजनाओं के अनुमोदन के लिए अक्सर ग्रामीण विकास विभाग के स्थानीय अधिकारियों से तकनीकी स्वीकृति और प्रशासनिक अनुमोदन की आवश्यकता होती है, सरपंचों के लिए एक थकाऊ प्रक्रिया जिसके लिए सरकारी कार्यालयों में बार-बार जाने की आवश्यकता होती है। स्थानीय कर्मचारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखने की सरपंचों की क्षमता सीमित है। कई राज्यों में, पंचायत को रिपोर्ट करने वाले स्थानीय पदाधिकारियों, जैसे ग्राम चौकीदार या सफाई कर्मचारी, की भर्ती जिला या ब्लॉक स्तर पर की जाती है। अक्सर सरपंच के पास इन स्थानीय स्तर के कर्मचारियों को बर्खास्त करने की शक्ति भी नहीं होती है। अन्य स्तरों पर निर्वाचित अधिकारियों के विपरीत, सरपंचों को पद पर रहते हुए बर्खास्त किया जा सकता है। कई राज्यों में ग्राम पंचायत अधिनियमों ने जिला स्तर के नौकरशाहों, ज्यादातर जिला कलेक्टरों को आधिकारिक कदाचार के लिए सरपंचों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार दिया है। पूरे देश भर में, नौकरशाहों द्वारा सरपंचों को पद से बर्खास्त करने का निर्णय लेने के नियमित उदाहरण देखने को मिलते हैं। हाल के वर्षों में अधिक सरपंचों को पद से बर्खास्त किया गया है। सरपंचों सार्थक विकेन्द्रीकरण के लिए प्रशासनिक या वित्तीय स्वायत्तता की आवश्यकता है। पंचायत मंत्रालय को यह सुनिश्चित करने के लिए वित्त आयोग के अनुदानों की रिलीज और व्यय की निगरानी करनी चाहिए कि उनकी रिहाई में कोई देरी न हो। पंचायतों को स्थानीय ऑडिट नियमित रूप से करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि वित्त आयोग के अनुदान में देरी न हो। पंचायत मंत्रालय को पंचायतों के सुचारू कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए सहायक और तकनीकी कर्मचारियों की भर्ती और नियुक्ति की दिशा में गंभीर प्रयास करने चाहिए।

सरपंच और पंचायत सचिव को पंचायत निधि से भुगतान के लिए जारी किए गए चेक पर सह-हस्ताक्षर करना चाहिए । राज्य सरकार स्थानीय नौकरशाही के माध्यम से स्थानीय सरकारों को बाध्य करती हैं। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक निर्माण परियोजनाओं के अनुमोदन के लिए अक्सर ग्रामीण विकास विभाग के स्थानीय अधिकारियों से तकनीकी स्वीकृति और प्रशासनिक अनुमोदन की आवश्यकता होती है, सरपंचों के लिए एक थकाऊ प्रक्रिया जिसके लिए सरकारी कार्यालयों में बार-बार जाने की आवश्यकता होती है

# महिलाओं की राजनीति में बाधा बनते सरपंचपति

**-डॉ प्रियंका सौरभ**

**महिलाएं** भारत की आबादी का लगभग आधा हिस्सा हैं। महिलाएं न केवल मानव जाति को बनाए रखने में उनके महत्व के कारण बल्कि सामाजिक-आर्थिक प्रगति में उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण भी सामाजिक संरचना का एक अभिन्न अंग रही हैं। इसके बावजूद, महिलाओं को सामाजिक दृष्टिकोण और सामाजिक प्रथाओं में लिंग-पूर्वाग्रह के कारण भेदभाव का शिकार होना पड़ा है, जिसके परिणामस्वरूप सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में स्थिति और अवसरों की समानता से इनकार किया गया है। अप्रैल 1993 में, भारत ने संविधान के 73वें संशोधन के कार्यान्वयन के साथ विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया, जिसमें पंचायत राज संस्थानों में आबादी के कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण प्रदान किया गया था। इस संशोधन के माध्यम से, इन संस्थानों के सदस्यों और अध्यक्षों के रूप में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। 1995 तक, पंचायतों में महिलाओं की संख्या तेजी से बढ़ी, केरल और मध्य प्रदेश में उच्चतम प्रतिनिधित्व के साथ जहां महिलाओं ने 38% सीटें भरीं (अहमद और अन्य, 2008)। 3 मिलियन प्रतिनिधियों में से 1.3 मिलियन महिलाएँ हैं जो अब पंचायतों में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं (भटनागर, 2019)। वर्तमान में, भारत के 20 राज्यों ने अपने संबंधित राज्य पंचायती राज अधिनियमों में प्रावधान किए हैं और महिलाओं के आरक्षण को 50% तक बढ़ा दिया है। इसके अतिरिक्त, ओडिशा जैसे राज्यों ने यह अनिवार्य कर दिया है कि यदि किसी गाँव में अध्यक्ष एक पुरुष है, तो उपाध्यक्ष एक महिला होनी चाहिए (मोहंती, 1995)। महिलाओं के लिए आरक्षण के प्रावधानों ने जमीनी लोकतंत्र को बदल दिया है और ग्रामीण महिलाओं को अपने अधिकार का प्रयोग करने और ग्राम प्रशासन में



शामिल होने की शक्ति प्रदान की है। जमीनी स्तर की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी पितृसत्तात्मक मानसिकता के कारण कम रही है कि महिलाएं घर पर हैं, जहां उनकी जिम्मेदारियां घरेलू काम और बच्चों के पालन-पोषण तक ही सीमित हैं। इस प्रकार महिलाओं के साथ सक्रिय रूप से भेदभाव किया जाता है और चूंकि उनके पास घर में सीमित निर्णय लेने की शक्तियां होती हैं, इसलिए यह मान लेना अवास्तविक है कि उनके पास समुदाय के लिए निर्णय लेने के कई अवसर हैं। 73वें संशोधन द्वारा बदलाव की नींव रखे जाने के साथ ही राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव आया है और महिलाएं अधिक सक्रिय हो रही हैं। निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों ने समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों की स्थिति को मजबूत करके और आवाज न उठाने वालों को सशक्त बनाकर स्थानीय शासन को बदल दिया है। इसके अलावा, वे समाज में अन्य महिलाओं को लैंगिक रूढ़िवादिता को तोड़ने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में खुद को शामिल करने के लिए प्रेरित करती हैं।

एक और महत्वपूर्ण भूमिका जो चुनी हुई महिला प्रतिनिधि निभाती है वह है ग्रामीण विकास लाना। वे विभिन्न राजनीतिक बाधाओं से निपटने और अपने समुदायों की भलाई के लिए सर्वोपरि परिवर्तन लाने में सक्षम हैं। महिलाओं को प्रभावी नेता के रूप में जाना जाता है और वे अपने दैनिक कर्तव्यों और प्रशासन में पारदर्शिता और दक्षता लाती हैं। वे अपने समुदाय की जरूरतों को समझते हैं और जागरूकता लाने और समुदाय के सामने आने वाले मुद्दों को हल करने के लिए अच्छी तरह से काम करते हैं। इसलिए, कई मामलों में, अतिरिक्त धन और संसाधनों के लिए कड़ी पैरवी करने जैसी विभिन्न बाधाओं से निपटने के बावजूद, महिला नेता अपने पुरुष पूर्ववर्तियों की तुलना में तेजी से ग्रामीण विकास करती हैं। इसके अलावा, महिलाओं को सामाजिक रूप से प्रतिगामी प्रथाओं जैसे बाल विवाह, पर्दा प्रथा और दहेज प्रथा के खिलाफ उत्पीड़न और भेदभाव से मुक्त समाज बनाने के लिए सामाजिक क्रांति का सही एजेंट माना जाता है। राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं के प्रवेश के साथ, लोकतंत्र का चेहरा एक प्रतिनिधि लोकतंत्र से एक सहभागी लोकतंत्र में बदल गया है। गांवों में नेतृत्व की भूमिका निभाने वाली महिलाओं के साथ, उन्हें किसी भी प्रकार की जाति-आधारित या लैंगिक हिंसा के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जाना जाता है। महिलाओं को कल्याणकारी लाभों के प्राप्तकर्ता के रूप में देखने से लेकर उन्हें क्रांति के सफल एजेंट के रूप में शामिल करने तक, महिला सशक्तिकरण पर बहस आगे बढ़ी है। हालाँकि, नेता होने के बावजूद, महिलाओं को कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है जो उन्हें भेदभाव और दुर्व्यवहार के प्रति संवेदनशील बनाती हैं। हमारे देश में पंचायती राज संस्थाओं की स्थापना से एक महिला को एक अच्छे प्रशासक, निर्णयकर्ता या एक अच्छे नेता के रूप में अपनी उपयोगिता साबित करने का अवसर मिलता है। 73वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 इस संबंध में एक मील का पत्थर है। इससे महिलाओं को आगे आने का मौका मिलता है। विशेषकर महिलाओं को अपने घरों से बाहर निकलकर प्रशासनिक और राजनीतिक क्षेत्र में भाग लेने का अवसर प्रदान कर यह प्रयोग बड़ी सफलता सिद्ध हो रहा है। यह विचार करना होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं के अंतसंबंध की प्रारंभिक अवस्था में ग्राम पंचायती में सुयोग्य महिलाओं का समावेश सामाजिक स्थिति में सुधार और महिलाओं को सशक्त बनाने की योजना बनाने में एक महत्वपूर्ण सहायक उपाय होगा। महिलाएं हमारे देश की आधी आबादी हैं। दुनिया के इतने बड़े लोकतंत्र में महिलाओं को प्रोत्साहित करना हमारा कर्तव्य है। महिलाओं को उचित दर्जा देने के लिए सरकार, गैर-सरकारी संगठनों और विश्वविद्यालयों को इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। महिलाओं का यह समूह, यदि ग्राम पंचायत स्तर पर प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाता है, तो मजबूती से उठ सकता है और महिलाओं की बेहतरी से संबंधित मुद्दों को संभाल सकता है, निर्णय लेने की प्रक्रिया में प्रमुख भूमिका निभा सकता है और बैठक में महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए उपयुक्त सिफारिश कर सकता है।

यह महिलाओं के लिए सेवाओं के प्रावधानों और इससे लाभान्वित होने वाले संसाधनों के प्रबंधन पर अधिक नियंत्रण रखने के अवसर पैदा करता है। स्थानीय राजनीति में पुरुषों के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाली महिलाओं की अच्छी संख्या, लिंग संबंधी एजेंडा को आगे बढ़ाने को लिंग समानता की दिशा में देखा जाता है।

# इस भीड़ से भी व्यंग्य निकलता है!

**सुशील कुमार महला**

**सोशल** मीडिया को लेकर आजकल लेखकों में हल्का हल्का नहीं बहुत भारी सुरूर है। सोशल मीडिया ही असली गुरूर है। आजकल इतने कुकरमुत्ते लेखक पैदा हो गये हैं कि बेचारे कुकुरमुत्तों तक को भी शर्म सी आने लगी है। ये कुकुरमुत्ते, कुकरमुत्ती लेखन पैदा कर रहे है और हर तरफ गली-गली,मोहल्ले-मोहल्ले, गांव-गांव,शहर-शहर, सड़क, पनघट जित देखो तित साहित्य के घट भर रहे हैं । इन कुकुरमुत्ते लेखकों को बस लेखन का गुरूर है। बस लेखन का ही सुरूर है। शेष सब फिजूल है। जो भी लिखा जा रहा है, वह ऊल-जलूल है। लेकिन यही असली साहित्य का मूल है। शेष सब भूल है। साहित्य के लिए दिन-रात तपने वाले लेखकों का इन लेखकों(सोशल मीडिया के लेखक) को देखकर जल रहा खून है लेकिन जुनून तो जुनून है। अजी ! लेखन का जादू इन भारी-भरकम(सोशल मीडिया के कट,कॉपी,पेस्ट लेखक) लेखकों के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम, इंटरनेट पर अनाप शनाप साहित्य इन्हीं कुकुरमुत्तों के बल पर ही तो डोल रहा है। अजी ! आज युवा पीढ़ी कविताई-सविताई, शायराना-फायराना हुई जा रही है। जैसे आजकल लव इन मेट्रो हो रहा है, 'सोशल मीडिया' आज के लेखकों का असली लव हो रहा है। लेखक आजकल लेखन में इतने मशगूल हो गये हैं कि वे लेखन को लेकर इतने इतराते लगे हैं कि जिगर मुरादाबादी की पंक्तियों को लेखन के संदर्भ में गुनगुनाने लगे हैं। एक लेखक बोला-'हम को मिटा सके(सोशल मीडिया से), ये जमाने में दम नहीं। हम से जमाना खुद है, जमाने से हम नहीं।' दूसरा बोला-' मैं अकेला ही चला था(सोशल मीडिया पर) जानिब-ए-मंजिल मगर, लोग साथ आते गए(सोशल मीडिया पर) और कांरवा बनता गया।' तीसरा बोला-'कभी किसी को मुकम्मल जहाँ नहीं मिलता, कहीं जमीन कहीं आसमां नहीं मिलता।(आज तक सोशल मीडिया के अभाव में स्टेज नहीं मिली थी,अब लेखन के लिए सोशल मीडिया की स्टेज मिल गई है।) सोशल मीडिया पर लेखकों का गजब का कांरवा बन रहा है। तोताराम जी कहते हैं अजी ! जिंदगी तेजतर है तो आजकल के कुकुरमुत्ता 'लेखक' भी तो जरा जल्दी में हैं। तकनीक ने इन लेखकों को साधन-सम्पन्न बना दिया। अजी ! बड़े बड़े लेखकों की नब्ज तक को इन्होंने हिला दिया। एक क्लिक पर 'मैटर पर मैटर' उपलब्ध है। व्याकरण, वर्तनी, कंटेट को देखकर कोई आज क्यों स्तब्ध है ? यही तो प्रारब्ध(आरंभ किया हुआ/भाग्य/तकदीर) है। अजी ! लेखकों को आज मिल रहा है गजब का फायदा। लेखन का आज यही रह गया है असली कायदा। कट,कॉपी,पेस्ट। डू नोट वेस्ट द टाइम, करो खूब रेस्ट। पाठकों को नित नवीन लेखन का मिल रहा है आज टेस्ट। लेखन की फसल हो रही है हार्वेस्ट(कटाई)। अजी ! रेस्ट के बाद अंगूठे से सर्च बटन दबाओ, मनचाहा साहित्य और कंटेंट पल में पाओ और पल में ही कट,कॉपी,पेस्ट से मशहूर लेखक बन जाओ। खुद का लिखा बड़ा महान है। सोशल मीडिया बना आज साहित्यिक जहान है। साहित्य की यही असली खान है। युवाओं की अटकी इसमें जान है। ज्यादा लाइक,ज्यादा कमेंट। लेखन जॉब हो रही परमानेंट। अजी ! हमारे कवि हैं, हमारे ही शायर हैं और हमारे ही साहित्यकार। यही साहित्य के हैं असली फनकार। शेष सब है बेकार। उनका लिखा हमारी सांस हैं। शेष तो गले की फांस है।इन कुकुरमुत्तों में छिपी हुई आस(आशा) है। सोशल मीडिया पर आप भी फेंक दीजिए अपना साहित्यिक पासा। हमें पता है दिल है छोटा सा, लेकिन छोटी सी है आशा। लेखन और लेखकों का यही सुनहरा दौर है। जिसका न कोई आदि अंत न कोई छोर है। अंत में, बुरा आप मेरी बातों का बिल्कुल भी नहीं मानना। आप भी लिखना(सोशल मीडिया पर) ठोक बजाकर, अजी आप भी फिर कहलायेंगे साहित्य के रत्नाकर(रत्नों की खान)। अजी ! सच बताऊं कीचड़ में ही कमल खिलता है। इस भीड़ से भी व्यंग्य निकलता है।

# उपवास का नाटक

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मेरा** लड़का खेल-खेल में गा रहा था आज सोमवार है चूहे को बुखार है...। स्कूल में पढ़ने वाले चूहों के साथ अक्सर ऐसा होता है। हो न हो चूहे को यह बुखार भी रविवार की शाम से चढ़ना आरंभ हो जाता होगा। पढ़ने वाले, चिंतन करने वाले और दुनिया का हाल देखने वाले अक्सर बीमार पड़ते हैं। मुझ जैसे मस्तमौला को सोमवार के दिन बुखार नहीं उपवास का खुमार चढ़ता है। आप यही सोच रहे हैं न कि सोमवार को तो कुंवारी लड़कियाँ उपवार रखती हैं। वह भी 16 सोमवार। चंद्र दोष से मुक्ति, उत्तम वर की प्राप्ति, जीवन-मरण से छुटकारा और न जाने क्या-क्या फायदे हैं। लेकिन ये सभी कुंवारी लड़कियों के लिए है। अब मुझ जैसे शादीशुदा को कुंवारी तो क्या कुंवारा भी नहीं कह सकते। हाँ बेचारा अवश्य कह सकते हैं। अपनी इसी बेचारगी को हर सोमवार भुनाने की कोशिश करता हूँ। पत्नी को यह कहकर कि सोमवार के दिन दुनिया भर की लड़कियाँ व्रत रखती हैं, लेकिन मैं एक पुरुष होकर तुम्हारे लिए व्रत रखता हूँ। कुंवारियाँ तो अच्छे वर के लिए व्रत रखती हैं, मैं तो तुम्हें पाने की खुशी में रखता हूँ। तुम्हारे मिल जाने से मैं जीवन-मरण की मोहमाया से मुक्त हो गया हूँ। स्त्रियाँ स्वप्रशंसा के इतने अनुयायी होते हैं कि उसमें झूठ का पुलिंदा भी रख दो उसे सच मान लेती हैं। सच तो यह है कि मेरे व्रत रखने का एजेंडा राजनैतिक दल के चुनावी मेनिफेस्टो की तरह है। दिखने में कुछ और करने में कुछ।

रंगा सियार की तरह मेरे एक दिवसीय सप्ताहिक उपवास का धारावाहिक बड़े आराम से व्यतीत होता जा रहा था। मुझे अब यह पछतावा हो रहा था कि मैंने शादीशुदा जीवन के इतने दिन बिना उपवास के व्यर्थ क्यों गवां दिए। उपवास प्रदत्त आनंद से मुझ पेटूमति को यह भी समझ में आ गया कि हम भारतीय उपवास से इतना क्यों लगाव रखते हैं। सच बताऊँ, मैं तो आने वाले हर सोमवार के चार दिनों पहले से ही प्रतीक्षा करने लगता था और बार-बार पूछता रहता था कि आज कौन सा दिन है! परन्तु हर अच्छी चीज का अंत एक दिन होता ही है। वह दिन आ ही गया। जब एक दिन श्रीमती ने झनझनाते हुए मुझे आड़े हाथों लिया - "सुनो जी आपकी इस साप्ताहिक नौटंकी से मैं । आप सीधे शिवमंदिर जा कर शिवजी से क्षमा मांगे, नारियल भेंट करें और तुरंत बंद करें अपना ये साप्ताहिक उपवास का धारावाहिक।" मैंने आश्चर्य से पूछा ह्रअरे क्यों? मैं तो इसे पिछले कुछ महीनों से बड़े आराम और मजे से निभा रहा हूँ. मुझे कोई तकलीफ या दिक्कत नहीं है।"

# जिले की चारों निकायों में कांटे की टक्कर, क्या कहते हैं आंकड़े ?

## भाजपा ने नरेन्द्र गुप्ता को फिर बनाया प्रत्याशी, बसपा ने अभी नहीं खोले पत्ते

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दूसरे चरण में होने वाले निकाय चुनाव का पारा चढ़ने लगा है। चित्रकूट धाम नगर पालिका परिषद कर्वी, नगर पंचायत राजापुर, मानिकपुर के अलावा नवसृजित नगर पंचायत मऊ में भी चुनाव होने हैं। प्रमुख राजनीतिक दल चारों निकायों पर जीत को पूरी ताकत के साथ मैदान मे उतरने को बेताब है। कोई जनता के बीच अपनी पार्टी और सरकार की उपलब्धियां गिना रहा है। तो कोई चुनावी घोषणा पत्र जारी कर मतदाताओं को रिझाने के प्रयास में जुटा है। इस बार जिले की चारों निकायों में एक लाख 37 हजार 913 मतदाता प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगें।

भाजपा ने जिले की सदर सीट चित्रकूटधाम कर्वी नगर पालिका में निर्दलीय चुनाव जीतकर चेयरमैन रहे गोपाल करवरिया को अपना प्रत्याशी बना कर सिर्फ एक बार ही खाता खोल सकी है, जबकि सपा ने श्रीमती लक्ष्मी देवी साहू व नरेंद्र गुप्ता को प्रत्याशी बनाकर दो बार चेयरमैन की सीट पर कब्जा जमा चुकी है। बसपा का आज तक नगर पालिका में खाता तक नही खुल सका है। जिले की नगर पंचायत राजापुर, मानिकपुर और मऊ में भी ज्यादातर निर्दलीय प्रत्याशियों का ही कब्जा रहा है।

जिले की कर्वी नगर पालिका सीट पर 1959 में हुए पहले चुनाव में बसंतलाल चेयरमैन बने। 1964 में हुए चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रहे तरौंहा के गोपाल कृष्ण करवरिया ने बाजी मारी। 1971 और 1988 में भी हुए चुनाव में भी गोपाल करवरिया ही चेयरमैन चुने गये। 1995 के चुनाव में शशि देवी वर्मा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चेयरमैन बनी।

, 2000 में भाजपा के टिकट से चुनाव लड़े गोपाल कृष्ण करवरिया की जीत हुई। 2006 में हुए निकाय चुनाव में सपा प्रत्याशी रहीं लक्ष्मी देवी साहू ने चेयरमैन पद का चुनाव जीता। 2012 में हुए निकाय चुनाव में गोपाल कृष्ण करवरिया की बहू नीलम करवरिया ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर कर अध्यक्ष पद का चुनाव जीता।

2017 में हुए निकाय चुनाव में कर्वी नगर पालिका से अध्यक्ष पद के लिए 19 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा। सपा उम्मीदवार नरेंद्र गुप्ता ने 6499 वोट हासिल कर जीत हासिल की, जबकि भाजपा प्रत्याशी रहे जगदीश गुप्ता को 4115 वोट के साथ दूसरे स्थान पर रह कर संतोष करना पडा था। वहीं बसपा प्रत्याशी रहे रामलखन निषाद को 3199 वोट और निवर्तमान चेयरमैन रहीं नीलम करवरिया को महज 1460 मत ही मिले थे।

जिले की नगर पंचायत मानिकपुर में किसी भी राजनीतिक दल का जादू नहीं चला था। यहां निर्दलीय प्रत्याशी विनोद द्विवेदी ने अपना कब्जा जमाया। हैरानी की बात ये रहीं कि मानिकपुर नगर पंचायत से निर्दलीय उम्मीदवार विनोद द्विवेदी सिर्फ 1002 वोट हासिल करके चेयरमैन बने थे। जो कि कुल मतों का 11 प्रतिशत रहा। यहां भाजपा प्रत्याशी महेश केसरवानी को मात्र 773 वोट ही मिले। सपा के सम्राट सिंह 721 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर और कांग्रेस के रामेश्वर प्रसाद 330 वोटो के साथ चैथे स्थान पर रहे। नगर पंचायत राजापुर में सभी राजनीतिक दल बौने साबित हुये। निर्दलीय महिला उम्मीदवार रहीं आदर्श द्विवेदी को सर्वाधिक 2047 वोट मिले और यह चेयरमैन चुनी गई। भाजपा के तत्कालीन जिलाध्यक्ष व प्रत्याशी अशोक जाटव को भारी अंतर से हराया था। भाजपा प्रत्याशी रहे अशोक जाटव को 1437 मत मिले थे। तीसरे स्थान पर निर्दलीय उम्मीदवार संजीव मिश्रा को 1184 वोट मिले थे।

सपा के टिकट से कर्वी नगर पालिका के अध्यक्ष पद का चुनाव जीते नरेंद्र गुप्ता और राजापुर व मानिकपुर नगर पंचायत से निर्दलीय अध्यक्ष बने आदर्श द्विवेदी व विनोद द्विवेदी ने सूबे की सत्ता पर काबिज योगी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर चुनाव जीतने के कुछ समय बाद ही भाजपा का दामन थाम लिया था। अब 2023 में हो रहे निकाय चुनाव में भगवा चोला ओढ़ चुके नरेंद्र गुप्ता इस बार भाजपा के टिकट से चेयरमैन का चुनाव लडने का जुगाड़ लगा रहे है। स्थापना काल से भाजपा का झंडा उठा रहे पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे व पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी आदि भी पार्टी में अपनी मजबूत दावेदारी पेश करते नजर आ रहे है।

इस बार निकाय चुनाव को चुनौती के रूप में लेते हुए भाजपा जिले की चित्रकूटधाम कर्वी नगर पालिका एवं नगर पंचायत राजापुर व मानिकपुर के अलावा नव सृजित नगर पंचायत सीट मऊ में भगवा परचम लहराने को बेताब है। सपा ने अपने पुराने गढ को बचाने को कमर कस ली है। चित्रकूट नगर पालिका से सपा ने पुराने जमीनी कार्यकर्ता जागेश्वर यादव को मैदान में उतारा है। नगर पंचायत राजापुर से प्रिंस केशरवानी, मानिकपुर से मंझली सोनकर व मऊ से सचिन रस्तोगी को प्रत्याशी बनाया है। हमेशा चैथे नम्बर की लडाई लडने वाली कांगेस पार्टी ने नगर पालिका कर्वी से निरंजन कुशवाहा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। भाजपा और बसपा ने अभी तक अपने पत्ते नही खोले हैं।

**निकायों में मतदाताओं की संख्या में हुई बढोत्तरी**

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि जिले की चारों नगर निकाय सीटों में इस बार 2017 के मुकाबले करीब 27325 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई है। मऊ नगर पंचायत में 15135 मतदाता हैं। कर्वी नगर पालिका का सीमा क्षेत्र विस्तार होने के बाद 87361 मतदाता हैं। राजापुर नगर पंचायत क्षेत्र में 21091 मतदाता अपना चेयरमैन चुनेंगे। मानिकपुर नगर पंचायत में 14326 मतदाता है। वर्ष 2017 के नगर क्षेत्र के कुल मतदाताओं की संख्या 110588 से बढ़कर 137913 हो गई है।

## न्यूज झरोखा

### 15 माह से जारी है कामदगिरि में सफाई अभियान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामदगिरि स्वच्छता समिति 15 महीने से कामदगिरि पर्वत की सफाई अभियान छेडे है।

रविवार को नगर पालिका परिषद कर्वी के ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छता मिशन है। इस अभियान में आम जनता को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका राकेश केसरवानी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान राष्ट्रव्यापी सफाई अभियान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभियान की शुरूवात की थी। आम जनता में स्वच्छता का भाव पैदा हो, अभियान की सबसे बड़ी सफलता है स्वच्छता परमो धर्मा। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता ऐसा कार्य नहीं है जो दबाव में करना पड़े। खुद में इच्छाशक्ति से अपनी आदत में इसे शामिल करना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना चाहिए। खुले में शौच की प्रवृत्ति से बचना चाहिए। आसपास स्वच्छता का माहौल बनाकर रहना चाहिए। अभियान में खासतौर पर राजेंद्र त्रिपाठी, निर्मलद्र पांडेय, जितेंद्र केसरवानी, कृष्णा शुक्ला, शुभम केशरवानी, विवेक केसरवानी व नगर पालिका की पूरी टीम ने सहभागिता निभाई।

### तमंचे में एक गया जेल

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड को जारी अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिंद की टीम ने संदीप यादव उर्फ सुखिया पुत्र विचित्रबहादुर यादव निवासी पहडिया बुजुर्ग सानी को तमंचा 315 बोर व एक कारतूस समेत दबोचा है। उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा है। टीम में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिंद, सिपाही लवलेश, संतोष, राकेश शामिल रहे।

### एएसपी ने राजापुर का भ्रमण कर देखी चुनाव की व्यवस्था



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर नगर पंचायत राजापुर में क्षेत्र भ्रमण कर चुनाव की तैयारी व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम राजापुर के साथ नामांकन स्थल तहसील राजापुर का निरीक्षण कर ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को दिशा-निर्देश दिये। रविवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने नगर पंचायत राजापुर के मतदान केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। तुलसी इण्टर कालेज स्थित स्ट्रांग रुम को देखकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चुनाव ड्यूटी को बाहरी जिलों से आने वाले फोर्स के रुकने के स्थानों का निरीक्षण किया। पुलिस के ठहरने के स्थानों की व्यवस्थायें दुरुस्त करने के राजापुर थानाध्यक्ष को निर्देश दिये। इस मौके पर राजापुर थानाध्यक्ष भास्कर मिश्रा, निरीक्षक अपराध योगेश कुमार तिवारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

### पांच के कब्जे से 45 लीटर महुआ शराब-82 क्वार्टर देशी शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में पुलिस ने पांच लोगों के कब्जे से 45 लीटर महुआ शराब व 82 क्वार्टर देशी शराब बरामद कर चालान किया है।

रविवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने नानबाबू सोनकर पुत्र लल्लू सोनकर निवासी शंकर बाजार को 30 लीटर महुआ शराब समेत दबोचा है। कोतवाली कर्वी के दरोगा राधेश्याम सिंह की टीम ने सुरेन्द्र कुमार सोनकर पुत्र राजीव सोनकर निवासी शंकर बाजार के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। भरतकूप थाने के दरोगा यदुवीर सिंह की टीम ने चुनवाद वर्मा पुत्र स्व रिघुवा निवासी बैहार के कब्जे से 22 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। थाना मानिकपुर के दरोगा बल्देव सिंह की टीम ने राजेश रावत पुत्र स्व रामदास निवासी गिदुरहा के कब्जे से 40 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। राजापुर थाने के दरोगा कन्हैया बक्श सिंह की टीम ने अश्विनी यादव पुत्र बच्चू निवासी अमवा के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है।

### कोतवाल पुलिस ने चार को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी को जारी अभियान के क्रम में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में पुलिस ने एक वांछित व तीन वारण्टी को दबोचा है।

रविवार को निरीक्षक अपराध कोतवाली कर्वी अजीत कुमार पाण्डेय की टीम ने दुष्कर्म एवं पास्को एक्ट के वांछित सुनील पटेल पुत्र ज्ञान सिंह निवासी शंकर बाजार को गिरफ्तार किया है। टीम में निरीक्षक अपराध अजीत कुमार पाण्डेय, सिपाही अखिलेश कुमार शामिल रहे।

इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के दरोगा प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने घर में घुसकर चोरी के मामले के वारण्टी बचनिया उर्फ बच्चन पुत्र रामप्रसाद निवासी छिपटहरी तरौंहा व वारण्टी संजय, राजा पुत्रगण रमादत्त निवासी जगदीशगंज को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा प्रवीण कुमार सिंह, सिपाही राजीव कुमार सिंह शामिल रहे।

# मऊ-राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद का सपा ने कराया तामझाम से नामांकन

## कांग्रेस ने कर्वी नगर पालिका परिषद से निरंजन कुशवाहा का कराया नामांकन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अगुवाई में मऊ व राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के नामांकन कराये गये। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में नगर पालिका परिषद कर्वी के अध्यक्ष पद का नामांकन कराया गया।

रविवार को सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अगुवाई में मऊ नगर पंचायत से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सचिन रस्तोगी का नामांकन कराया गया। नामांकन के मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष भैयालाल यादव, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, पूर्व जिला सचिव नरेंद्र सिंह यादव, जिला प्रवक्ता सुभाष पटेल, राजा यादव, शीलू यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता की मौजूदगी में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने पार्टी के पुराने कार्यकर्ता/व्यापारी नेता सचिन रस्तोगी को नगर पंचायत मऊ से पार्टी प्रत्याशी बनाया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सचिन रस्तोगी का परिवार एक राजनीतिक घराना रहा है। बाबा और पिता कई बार नगर पंचायत बनने से पहले



मऊ में प्रधान रहे। आम जनता के बीच उनकी छवि लोकप्रिय है। समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। भाजपा जन विरोधी नीतियों से आम जनता, किसान, नौजवान, महिलाएं, व्यापारी, मजदूर, निराश और परेशान हैं। भाजपा की नीति है वादा करो भूल जाओ का जवाब निकाय चुनाव में जनता देगी। पूर्व की भांति निकाय चुनाव से सपा भाजपा का सफाया करने जा रही है।

इसी क्रम में राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रिंस केशरवानी का भी नामांकन सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अगुवाई में राजापुर में सम्पन्न हुआ। दोनों प्रत्याशियों ने जुलूस व नारेबाजी करते हुए जोरदार ढंग से नामांकन किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में नगर पालिका परिषद कर्वी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी निरंजन कुशवाहा का नामांकन जोरदार ढंग से कांग्रेसियों ने तहसील परिसर में कराया। नामांकन में कांग्रेस नेत्री रंजनाबरातीलाल पाण्डेय, विजयमणि त्रिपाठी समेत तमाम कांग्रेसी शामिल रहे। नगर पालिका परिषद कर्वी से अध्यक्ष पद के राष्ट्रीय मानवतावादी पार्टी से समर्थित प्रत्याशी रामनरेश गुप्ता ने सैकड़ो लोगों के हुजूम के साथ नामांकन किया। राष्ट्रीय मानवतावादी पार्टी के संस्थापक भूपेन्द्र सिंह पटेल ने बताया कि पार्टी ने लोकप्रिय प्रत्याशी को टिकट दिया है। कई दशकों से जनता की सेवा में लगे रहते हैं।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष अंकुर केशरवानी, पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज वर्मा, जिला सचिव शिवविलास वर्मा आदि मौजूद रहे।

# आप ने रुदौली व कुमारगंज से चेयरमैन का पर्चा किया दाखिल

**अयोध्या। आम** आदमी पार्टी अयोध्या के अंतर्गत रूदौली नगर पालिका परिषद से चेयरमैन पद के लिये नसरीन बानो ने आज रूदौली तहसील में पर्चा जमा किया।इनके साथ नन्हे अली, परवेज अहमद, कांशीराम व शबनम ने सदस्य पद के लिए पर्चा भरा।

इस मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व अयोध्या जिला प्रभारी संजीव निगम मौजूद रहे। संजीव निगम ने बताया कि आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव *हाउस टैक्स हाफ व वाटर टैक्स माफ तथा शहर होगा स्वच्छ और साफ*



के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है। संजीव निगम ने आगे बताया कि रविवार को अयोध्या नगर निगम के महापौर पद के लिए इंजीनियर कुलभूषण साहू अपना नामांकन दाखिल करेंगे। अयोध्या जिलाध्यक्ष एडवोकेट अनिल प्रजापति ने बताया कि आज कुमारगंज से नगर पंचायत के चेयरमैन पद के लिए प्रशांत कुमार उपाध्याय ने पर्चा भरा।यहाँ पर मिल्कीपुर विधानसभा के प्रभारी हर्षवर्धन कोरी मौजूद रहे।जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने आगे बताया कि पार्टी की प्रदेश चुनाव समिति ने बीकापुर नगर पंचायत से चैयरमैन के लिए इमरान अहमद, भरतकुंड भदरसा से दानिश व खुरैनी ( शुचितागंज) से श्रीमती रीता तथा अयोध्या नगर निगम के शहीद अब्दुल हमीद वार्ड 43 से जफर अब्बास का नाम तय किया है।

# जिलाधिकारी के आदेश पर तुरंत हुई कार्यवाही

**बलिया। जनता** दर्शन के दौरान जिला अधिकारी रवीन्द्र कुमार के समक्ष वरिष्ठ नागरिक विन्ध्याचली देवी पत्नी भानू प्रताप सिंह निवासी सहतवार, तहसील बांसडीह, जनपद बलिया के द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। प्रार्थना पत्र में उन्होंने बताया कि बांसडीह स्थित भूमि 1800 की सं०भू० पर उनके द्वारा 2.687 हे० अरहर की फसल बोयी गयी है परंतु उनकी



पुत्रवधू दीपिका सिंह द्वारा फसल काटने नही दिया जा रहा है। आवेदिका और उसके पति काफी वृद्ध है और फसल खेत में नुकसान हो रही है। जिसे संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा वरिष्ठ नागरिक की भूमि की रक्षा और फसले कटवाये जाने हेतु उपजिलाधिकारी बांसडीह को आदेशित किया। उपजिलाधिकारी बांसडीह द्वारा तत्काल नायब तहसीलदार रेवती व पुलिस प्रशासन कोतवाली बांसडीह को भेज कर राजस्व व पुलिस टीम की उपस्थिति।

### भाजपा प्रत्याशी के कार्यालय का उद्घाटन किया गया

**बिजनौर/अफजलगढ़।** निकाय चुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी के कार्यालय का हुआ उद्घाटन भाजपाइयों ने पुनः भाजपा प्रत्याशी जिताने का संकल्प लिया।

प्राप्त जानकारी अनुसार नगर पालिका परिषद चुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी खतीजा वसीम अंसारी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ। प्रोग्राम की अध्यक्षता भाजपा वरिष्ठ नेता पूर्व चेयरमैन नफीस कुरेशी ने की तथा संचालन भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष खेल सिंह राजपूत ने किया इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि अरविंद गहलोत जिला उपाध्यक्ष भाजपा ने गत सत्र मैं भाजपा चेयरपर्सन के कार्यकाल की उपलब्धि गिनाते हुए पुन नगर पालिका परिषद की कुर्सी पर भाजपा चेयर पर्सन को बैठाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा सभु? को तन मन धन से भाजपा प्रत्याशी को चुनाव लड़ा कर जिताना है। इस अवसर पर प्रत्याशी पति वसीम अहमद अंसारी ने उद्घाटन प्रोग्राम में पहुंचे सभी मेहमानों का फूल मालाओं से स्वागत किया इस अवसर पर भाजपा नेता अरविंद गहलोत के अलावा उदय गिरी गोस्वामी निकाय प्रभारी, दीप सौरभ पार्थी, सरदार मलकीत सिंह, पूर्व चेयरमैन नफीस कुरेशी, यतीश आर्य, शकील अंसारी, विकास जैन, बबीता रोहिल्ला, राकेश चौहान, वसीम अहमद अंसारी, सलीम अहमद अंसारी आदि मौजूद थे।

### प्रोफेसर पत्नी ने सभासद पति के समक्ष ठोंकी सियासी ताल

**जलेसर । नगर नि**काय चुनाव के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के दौरान शनिवार को एक अजीबोगरीब स्थिति देखने को मिली। जहां एक ही वार्ड से पति- पत्नी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल कर एक दूसरे को चुनौती दी गई है। बता दें कि जलेसर नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 24 से वर्तमान सभासद उत्साह भारद्वाज द्वारा शनिवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। उनके नामांकन पत्र दाखिल होने के 5 मिनट बाद ही सभासद उत्साह भारद्वाज की प्रोफेसर पत्नी डॉ अनुपम भारद्वाज द्वारा अपने पति के समक्ष सियासी ताल ठोकते हुए अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया गया। पति पत्नी द्वारा एक दूसरे को दी गई यह चुनावी चुनौती शनिवार को नगर एवं तहसील कार्यालय में चर्चा का केंद्र रही। अब देखना यह है कि आगामी 11 मई को होने वाले मतदान तक यह सियासी चुनौती बदस्तूर जारी रहती है अथवा नहीं।

### आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया गया ईदगाह पर ईद की नमाज

**अफजलगढ़.। ईदुल** फितर का त्यौहार अफजलगढ़. क्षेत्र में आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया गया ईदगाह पर ईद की नमाज शांतिपूर्वक मौलाना अशफाक कासमी ने तकरीर कर अता कराई जिसमे हजारो नमाजियो ने सवेरे 8 बजे पहुंचकर ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ी और देश की खुशहाली व अमन शांति के लिए दुआं की।

जबकि जामा मस्जिद में मुफ्ती नईम अहमद,बेल वाली मस्जिद में मुफ्ती सईदुर्रहमान ने नमाज अदा कराई। शनिवार को सवेरे नगर की ईदगाह पर लगभग 13 हजार नमाजी पहुंचे ओर तकरीर सुनी और ईद की नमाज अदा की इसके पूर्व कोषाध्यक्ष अफजाल असलूब अंसारीं ने ईदगाह की आय व्यय का ब्यौरा देते हुए बताया कि ईदगाह पर कुल एक लाख 37 हजार नौ रुपए बकाया फंड ईद-उल-फितर का चंदा मिलाकर मौजूद रहा। इस मौके पर हिन्दू भाईयो की ओर से मुस्लिम भाईयो का स्वागत किया गया ओर गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई वही ईओ कौशल कुमार की ओर से ईदगाह पर समुचित साफ-सफाई व पानी की उचित व्यवस्था की गई और नमाजियों को ईद-उल-फितर की मुबारकबाद दी। ईदगाह व जामा मस्जिद के बाहर पूर्व विधायक अफजलगढ़ शेख सुलेमान,पूर्व चेयरमैन जावेद विकार,पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट,पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी,शेख इरशाद हुसैन, समाजसेवी वजीर अहमद ठेकेदार,भाजपा नेता वसीम अंसारी,मास्टर समीम अंसारी,कलवा कुरैशी,समीम अहमद अंसारी भट्टे वाले, खलील अहमद उर्फ पप्पू पठान,परवेज विकार,शेख मोहम्मद जैद,अफजाल अंसारी,युवा समाजसेवी इकराम अली,पूर्व सभासद डॉ शाहिद हुसैन,पूर्व सभासद दिलशाद ठेकेदार,सूफी कदीरा,जाहिद अली खां,शेख निजाम,जावेद सैफी,कासिफ अंसारी,इसरार कस्सार,नवेद विशाल,जमशेद विकार,रियाज अहमद उर्फ राजा भैया,मेहर आलम एडवोकेट, इकरार कुरैशी,शेख फैसल,हकीम अनीश अंसारी,नजाकत कुरैशी,नईम माहीगीर,आरिफ अंसारी,हाजी अब्दुल बारी,जुबैर सैफी,पत्रकार अजमल खान, जुनैद विकार, जाहिद मस्ता,सरताज पेंटर तथा कादिर अंसारी आदि ने नमाजियों से गले मिलकर ईदुल फितर की मुबारकबाद दी वही सुरक्षा की दृष्टि से सीओ भरत कुमार सोनकर,कोतवाल मनोज कुमार सिंह,क्राइम इंस्पेक्टर आरपी सिंह,कस्बा इंचार्ज अमित सिसोदिया के नेतृत्व मे भारी संख्या मे पुलिस बल मौजूद रहा इस मौके पर ईओ कौशल कुमार के आलावा एसएसआई आशीष तोमर,एसआई अनोखेलाल गंगवार,एसआई नवीन कुमार,एसआई जीत सिंह पुंडीर, लेखपाल बेनीराम सिंह,कांस्टेबल शैलेन्द्र कांत,विकास बाबू,जिले सिंह,नगरपालिका कर्मचारी संजीव अग्रवाल,बृजमोहन सिंह,रोबिन अग्रवाल, सिंह,रोहिताश पंवार,भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा,भीम सिंह रावत,सत्यप्रकाश पंवार,अनील विश्नोई,सुशील रस्तौगी,आकाश अग्रवाल तथा राजवीर पंवार, रंजीत पंवार आदि सहित रहे गांव मेघपुर,सुआवाला, शेरगढ़ ,मनोहरवाली तथा मानियावाला आदि ईदगाहो पर नमाज शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई ।

# विदेश संदेश

## ताइवान के विदेश मंत्री बोले, 2027 में हमला करेगा चीन: कहा- हम जंग की तैयारी कर रहे, पहले चीन ने कहा था पूरा ताइवान हमारा

**ताइवान।** ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू ने दावा किया है कि चीन उनके देश पर 2027 तक हमला कर देगा। चीन से लगातार मिल रही धमकियों के बीच वू ने एक इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'हम चीन की मिलिट्री के खतरे को गंभीरता से ले रहे हैं। हमें लग रहा है कि 2027 वो साल होगा जब हम पर हमला हो सकता है। ताइवान इस लड़ाई के लिए तैयारी कर रहा है।' उन्होंने ये भी कहा कि ताइवान को उन्हीं के जैसी विचारधारा वाले देश ही चीन के हमले से बचा पाएंगे। यहां अपने जैसी विचारधार से उनका मतलब ब्रिटेन और अमेरिका से है। जो ताइवान को सैन्य सहायता देते रहे हैं। ताइवान के विदेश मंत्री का ये बयान तब आया है जब चीन के विदेश मंत्री किन गैंग ने कहा था कि जो ताइवान के मामले में आग से खेल रहे हैं, वो खुद को ही जला लेंगे। उन्होंने आगे कहा था कि चीन कभी भी किसी ऐसी बात को नहीं मानेगा जिससे उनकी सुरक्षा और संप्रभुता के साथ खिलवाड़ हो। वहीं, ताइवान के विदेश मंत्री से पहले अमेरिका की इंटेलिजेंस CIA के डायरेक्टर विलियम बर्न ने भी दावा किया था कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने देश की सेना को 2027 तक ताइवान पर कब्जा करने के लिए तैयार रहने के आदेश दिए हैं। अमेरिका ने 1979 में चीन के साथ रिश्ते बहाल किए और ताइवान के साथ अपने डिप्लोमेटिक रिश्ते तोड़ लिए। हालांकि चीन के ऐतराज के बावजूद अमेरिका ताइवान को हथियारों की सप्लाई करता रहा। अमेरिका भी दशकों से वन चाइना पॉलिसी का समर्थन करता है, लेकिन ताइवान के मुद्दे पर अस्पष्ट नीति अपनाता है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने फिलहाल इस पॉलिसी से बाहर जाते दिख रहे हैं। उन्होंने कई मौकों पर कहा है कि अगर ताइवान पर चीन हमला करता है तो अमेरिका उसके बचाव में उतरेगा। बाइडेन ने हथियारों की बिक्री जारी रखते हुए अमेरिकी अधिकारियों का ताइवान से मेल-जोल बढ़ा दिया।

## अमेरिकी प्रोफेसर को चीन से संबंध रखने पर होगी सजा:घोषणा से 4 दिन पहले कहा- मुझे कैंसर है, जेल नहीं जाना चाहता

**वाशिंगटन।** अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रह चुके चार्ल्स लीबर को चीन से कनेक्शन रखने और उसे छिपाने के आरोप में 26 अप्रैल को सजा सुनाई जाएगी। इससे पहले उन्होंने बोस्टन शहर के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में एक याचिका दायर की है। इसमें चार्ल्स ने कहा है, 'मुझे ऐसा कैंसर है, जिसका पूरी दुनिया में कोई ईलाज नहीं है। इसलिए मुझे जेल न भेजा जाए।' उन्होंने अपने किए पर अफसोस जाहिर करते हुए कहा, 'चीन से संबंध रखने के चलते मेरी छवि पहले ही खराब हो चुकी है। मुझे जानकारी छुपाने पर पछतावा है।

कोर्ट में दायर याचिका में 64 साल के प्रोफेसर चार्ल्स ने लिखा है कि कुछ हफ्तों के लिए चीन का दौरा करने पर मेरी पूरी जिंदगी तबाह हो गई। उनके वकील ने कहा कि प्रोफेसर अपनी बची हुई जिंदगी अकेले अपने घर में रहकर जीना चाहते हैं। वकील ने चार्ल्स को दूसरे तरीकों से सजा देने का सुझाव दिया है। जैसे 6 महीने के लिए हाउस अरेस्ट में रखकर या एक साल तक पुलिस की निगरानी में रखकर। प्रोफेसर ने 2012 से 2015 के बीच चीन की वुहान यूनिवर्सिटी से जुड़कर उसके टैलेंट प्रोग्राम में हिस्सा लिया। इसे चीन की साइंटिफिक डेवलपमेंट को बढ़ाने के मकसद से तैयार किया गया था। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट के मुताबिक प्रोफेसर को वुहान यूनिवर्सिटी ने स्ट्रैटेजिक साइंटिस्ट के तौर पर रखा था। इस दौरान उन्हें चीन से हर महीने 50 हजार अमेरिकी डॉलर मिलते थे। उन्होंने इसकी जानकारी इनकम टैक्स विभाग को नहीं दी।

## स्वतः संज्ञान के अधिकार का मूल उद्देश्य जनहित है, निजी सुख नहीं : पीएम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि स्वतः संज्ञान के अधिकार का मौलिक उद्देश्य उसका इस्तेमाल जनहित के लिए करना है, न कि किसी खास इंसान के लिए। शरीफ का यह बयान सत्तारूढ़ गठबंधन और न्यायपालिका के बीच जारी तनातनी के बीच आया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) नीत सरकार उच्चतम न्यायालय (कार्यप्रणाली औरप्रक्रिया) विधेयक 2023 को कानूनी रूप देने का प्रयास कर रही है, जिसका लक्ष्य पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश उमर अटा बांदियाल के स्वतः संज्ञान लेने की शक्ति को कम करना और मामलों की सुनवाई के लिए न्यायाधीशों के पैनल का गठन करना है। सरकार के इस कदम को लेकर विधायिका और न्यायपालिका के बीच ठनी हुई है। शुरुआत में इस विधेयक को संसद के दोनों सदनों ने पारित कर दिया और कानूनी रूप देने के लिए इसे राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा गया। लेकिन, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से ताल्लुक रखने वाले राष्ट्रपति अल्वी ने इसे लौटाते हुए कहा कि प्रस्तावित कानून ''संसद के दायरे से बहुत बाहर है।

# गयाना प्रधानमंत्री से मिले विदेश मंत्री एस जयशंकर, ऊर्जा-रक्षा सहयोग पर हुई बातचीत

**गयाना।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर गयाना के दौरे पर गए हुए हैं। उन्होंने गयाना के प्रधानमंत्री मार्क फिलिप से मुलाकात की। दोनों नेताओं की मुलाकात में ऊर्जा, आपदा प्रबंधन और रक्षा सहयोग जैसे मुद्दों पर बातचीत हुई। मुलाकात में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दक्षिण अमेरिकी देशों की विकास यात्रा में भारत साझेदार बनेगा। बता दें कि एस जयशंकर की पहली गयाना यात्रा है। विदेश मंत्री ने ट्वीट कर लिखा कि वह प्रधानमंत्री फिलिप और अन्य नेताओं से मिलकर बहुत खुश हैं।



**राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति से की मुलाकात**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि उन्होंने ईस्ट बैंक-ईस्ट कोस्ट रोड लिंक प्रोजेक्ट का भी दौरा किया। इस दौरान गयाना के पीडब्लूडी मंत्री देवदत्त इंदर भी विदेश मंत्री के साथ रहे। विदेश मंत्री ने प्रोजेक्ट में लगे कामगारों और स्टाफ से भी बातचीत की। इससे पहले एस जयशंकर ने गयाना के राष्ट्रपति इरफान अली और उप-राष्ट्रपति भारत जगदेव से भी मुलाकात की। जयशंकर ने पांचवीं भारत-गुआना जॉइंट कमीशन की बैठ की भी सह-अध्यक्षता की। इस दौरान गयाना के विदेश मंत्री हग टोड भी मौजूद रहे। इस बैठक में खेती, रक्षा सहयोगा और बुनियादी ढांचे के विकास जैसे मुद्दों पर बात हुई।

**भारत-गयाना बिजनेस राउंड टेबल में हुए शामिल**

बीते दिनों गयाना के राष्ट्रपति इरफान अली और उपराष्ट्रपति जगदेव ने भी भारत का दौरा किया था। अब विदेश मंत्री के गयाना दौरे से दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने की मंशा है। गयाना राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान भी ऊर्जा, स्वास्थ्य, फार्मा, कृषि, इनोवेशन तकनीक और बुनियादी ढांचे के विकास जैसे मुद्दों पर बातचीत हुई थी। एस जयशंकर अपनी गयाना यात्रा के दौरान भारत-गयाना बिजनेस राउंड टेबल में भी शामिल हुए, जिसमें गयाना के विदेश मंत्री समेत कई वरिष्ठ नेता और अधिकारियों ने भी शिरकत की। विदेश मंत्री ने गयाना के मशहूर क्रिकेटर रामनरेश सरवन और स्टीवन जैकब से भी मुलाकात की। विदेश मंत्री ने खुद ट्वीट कर यह जानकारी दी। साथ ही गुआना की नेशनल असेंबली के स्पीकर से भी मुलाकात की।

## अमेरिकी रिपोर्ट में दावा- प्रतिद्वंद्वियों को बाघों के सामने फेंक देते हैं ड्रग लॉर्ड

**वाशिंगटन।** मैक्सिकन ड्रग डीलर जोआक्विन गुजमान और कार्टेल सहयोगियों के बेटों के खिलाफ अमेरिकी न्याय विभाग ने एक अभियोग पेश किया है। अभियोग के अनुसार एल चापो नाम से मशहूर गुजमान और कार्टेल सहयोगियों के बेटे अपने प्रतिद्वंद्वियों को यातनाएं देते हैं। टॉर्चर करने के लिए वे लोगों को कॉर्कस्क्रू, इलेक्ट्रोक्यूशन और हॉट चिली का इस्तेमाल करते हैं। वह अपने दुश्मनों को बाघों के सामना जिंदा या मुर्दा भी छोड़ देते हैं। एक लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओविडियो गुजमान लोपेज, जीसस अल्फ्रेडो गुजमान सालाजार और इवान आर्किवाल्डो गुजमान सालजार चैपिटोस या लिटिल चैपोस के जाम से प्रसिद्ध हैं। तीनों उन 28 सिनालोआ कार्टेल सदस्यों में शामिल हैं, जिन पर पिछले सप्ताह फेंटेनल तस्करी अभियान का आरोप लगा था।



**बाघों का सामने छोड़ देते हैं**

लिटिल चैपोस अपने दुश्मन से एक बार जानकारी लेने के बाद यातना देकर उन्हें मार देते हैं। अगर वह खुद हत्या नहीं करते तो वह किसी दूसरे को ऐसा करने का निर्देश देते हैं। वह आसपास के क्षेत्रों में शवों को छिपाते हैं। चैपिटोस किसी को गोली मार देते हैं या किसी को जीवित या मृत रूप में बाघों के सामने छोड़ देते हैं। वकीलों का दावा है कि 2017 में दो मैक्सिकन प्रवर्तन अधिकारियों की मौत हुई थी, जिसमें एल चापो के दोनों शामिल थे। चूंकि, अधिकारियों ने उन दोनों से पूछताछ की थी।

**2019 में हुई एल चैपोस को आजीवन कारावास की सजा**

निनिस के सदस्यों ने विक्टिम-पांच के सदस्यों को भयंकर यातनाएं देकर मौत के घाट उतारा था। चैपिटोस ने दो घंटे तक सदस्यों की मांसपेशियों ने कॉर्कस्क्रू डालकर मांसपेशियों को चीर दिया। घाव और नाक में मिर्ची डाल दिया। प्रतिद्वंदी ड्रग कार्टेल के सदस्यों के साथ-साथ कर्ज चुकाने से इनकार करने वाले सहयोगियों को भी यातनाएं दी जाती हैं। 2019 में कोर्ट ने एल चैपो को मादक पदार्थों की तस्करी और कई हत्याओं की साजिश में शामिल होने का दोषी माना था। इस वजह से उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। एल रैटन नाम से मशहूर ओविडियो गुजमैन को भी पुलिस ने जनवरी 2023 में पकड़ लिया था।

## नेपाल के कोशी क्षेत्र में बढ़ा तनाव, पुलिस ने की हवाई फायरिंग



**काठमांडू।** नेपाल के प्रांत-1 का नाम बदलकर कोशी प्रांत किए जाने के विरोध में राजधानी विराटनगर में तनाव बढ़ गया है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस लाठीचार्ज में मारे गए पदम लिंबू की शनिवार को निकाली गई अंतिम यात्रा के दौरान हुई झड़प के बाद भीड़ बेकाबू हो गई। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया, साथ ही आंसू गैस के गोले छोड़े और हवाई फायरिंग भी की। पिछले दिनों विरोध-प्रदर्शन के दौरान गंभीर रूप से जख्मी लिंबू की 24 मार्च को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। तब उनके परिवार ने शव की शिनाख्त करने से इनकार कर दिया था। नामकरण विरोधी प्रदर्शनों में जान गंवाने वाले लोगों को सरकार द्वारा शहीद घोषित करने और मुआवजे का भुगतान करने की मांगों को पूरा करने के बाद परिवार ने शव की शिनाख्त की। इसके बाद लिंबू का आज अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया गया, लेकिन उनकी अंतिम यात्रा के दौरान हुई झड़प के बाद भीड़ बेकाबू हो गई। नामकरण का विभिन्न जातीय समूह विरोध कर रहे हैं।

## सितंबर में भारत यात्रा के लिए उत्साहित बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इस साल सितंबर में भारत यात्रा के लिए खासे उत्साहित हैं। अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री और दक्षिण एवं मध्य एशिया के प्रभारी डोनाल्ड लू ने यह बात साझा करने के साथ ही जानकारी दी है कि इस साल दस लाख भारतीयों को अमेरिकी वीजा मिल सकता है।

डोनाल्ड लू ने कहा कि वर्ष 2023 भारत और अमेरिका के रिश्तों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति सितंबर में भारत की यात्रा करने के लिए उत्साहित हैं। जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेने आ रहे बाइडन की यह पहली भारत यात्रा होगी। लू ने कहा कि इस यात्रा के साथ अमेरिका अगले कुछ महीनों में होने वाले घटनाक्रम को लेकर उत्साहित है और इस दौरान भारत और अमेरिका के रिश्ते नया आयाम स्थापित करेंगे।



लू ने कहा कि बाइडन सरकार जल्द ही वीजा जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर देगी। अमेरिका इस साल दस लाख भारतीयों को वीजा जारी कर सकता है। अमेरिका इस हफ्ते से एच-1बी और एल वीजा सहित कामकाजियों को वीजा देने को प्राथमिकता देना शुरू कर देगा। इस साल दस लाख वीजा देना एक रिकार्ड होगा। इस समय भारत में अमेरिकी वीजा के लिए इंतजार का बढ़ता समय चिंता का सबब बना हुआ है। पहली बार अमेरिका के वीजा के लिए आवेदन करने वालों लोगों को सालभर तक इंतजार करना पड़ रहा है। यही वजह है कि अमेरिका ने भारत से छात्रों और कुशल कामगारों को बुलाने के लिए बड़ी संख्या में वीजा जारी करने का फैसला किया है।

## भारत यात्रा से पहले 'होम-वर्क' करने की जरूरत: नेपाल पीएम 'प्रचंड'

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड अगले महीने होने वाली अपनी बहुप्रचारित भारत यात्रा से पहले व्यापक तैयारियां कर रहे हैं और उन्होंने कहा है कि यात्रा शुरू करने से पहले उन्हें होम-वर्क करने की जरूरत है। उनकी भारत यात्रा की आधिकारिक तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। प्रधानमंत्री के एक सहयोगी ने कहा कि प्रचंड मई के पहले या दूसरे सप्ताह में नयी दिल्ली जा सकते हैं। पिछले साल दिसंबर में नेपाल का प्रधानमंत्री बनने के बाद से यह उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और व्यापार, ऊर्जा, कृषि, संस्कृति तथा हवाई सेवा से जुड़ी चर्चा भारतीय नेताओं के साथ उनकी बातचीत में प्रमुखता से शामिल होगी।

प्रचंड ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, मैं भारत की अपनी आगामी यात्रा की तैयारी कर रहा हूं, जो जल्द ही हो रही है। हमें यात्रा से पहले उचित होम-वर्क करने की आवश्यकता है। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने उनकी यात्रा के लिए जमीनी कार्य शुरू कर दिया है। इस साल की शुरुआत में प्रचंड ने घोषणा की थी कि वह पद संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर भारत जाएंगे। पिछले साल जुलाई में प्रचंड भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के निमंत्रण पर भारत गए थे। उस समय उन्होंने भाजपा अध्यक्ष के अलावा विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी



मुलाकात की थी। प्रचंड ने पिछले साल 26 दिसंबर को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने नाटकीय रूप से नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले चुनाव पूर्व गठबंधन से बाहर निकलकर विपक्ष के नेता के पी शर्मा ओली से हाथ मिला लिया था।

# सूडान से सुरक्षित निकले अमेरिकी दूतावास के अफसर, भारत सहित अन्य देशों के 91 नागरिकों की भी निकासी

**सूडान।** सूडान में सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच पिछले कई दिनों से संघर्ष जारी है। देश के हालात ऐसे हैं कि लगभग 180 लोगों की अब तक मौत हो चुकी है। रविवार को सूडान के रैपिड सपोर्ट फोर्सेज ने कहा कि उसने वाशिंगटन के दूतावास को खाली कराने के लिए अमेरिकी सैनिकों के साथ काम किया है। हालांकि, रैपिड एक्शन फोर्स ने कहा था कि वे विदेशी नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए मदद करेंगे। इसलिए देश के हवाई अड्डों को कुछ समय के लिए खोला जाएगा। बता दें, फिलहाल यह तय नहीं हो पाया है कि किन हवाई अड्डों को खोला जाएगा। देश में जारी संघर्ष के कारण सैकड़ों लोगों की मौत हो गई। हजारों लोग घायल हैं। वहीं जो लोग जीवित हैं, वह खाने-पीने जैसे बुनियादी चीजों की कमी से जूझ रहे हैं।

**डर और दुख में ही बीता ईद**

सऊदी विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत, कुवैत, पाकिस्तान, कतर, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, ट्यूनीशिया, बांग्लादेश, बुल्गारिया, कनाडा, फिलीपींस और बुर्किना फासो के नागरिकों के साथ-साथ अपने 91 नागरिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। ईद-उल-फित्र के एक दिन पहले शुक्रवार को युद्ध विराम किया गया था। इसी दौरान



सभी लोगों को बाहर निकाला गया है। ईद और रमजान सूडान का प्रमुख उत्सव है। लेकिन इस साल देश में लोगों ने ईद और रमजान भय, दुख और और एक रोटी मिलने की आस से बिताया है।

**सेना और रैपिड एक्शन के चीफ से राष्ट्र प्रमुखों ने की बात-** सूडानी सेना ने कहा कि उनके चीफ अब्देल फत्ताह अल-बुरहान को कई देशों के नेताओं ने फोन किया था, जिसमें उन्होंने अपने नागरिकों और राजनयिकों सुरक्षा के साथ देश से बाहर निकालने के लिए गारंटी देने को कहा था। रैपिड एक्शन फोर्स के चीफ मोहम्मद हमदान डागलो ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ मौजूदा संकट पर चर्चा की। चर्चा युद्धविराम, सुरक्षित मार्गों और मानवीय कार्यकर्ताओं की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित था। सुडान में अब तक संयुक्त राष्ट्र से जुड़ी एजेंसियों के चार समाज सेवकों की मौत हो चुकी है।

**राजधानी की आबादी 50 लाख-** सूडान की राजधानी खार्तूम की आबादी 50 लाख के करीब है, जो युद्ध के कारण घरों में ही छिपे बैठे हैं। लोग वहां केवल अनाज सहित अन्य खाद्य सामग्री लेने के लिए ही बाहर निकलते हैं। इसके अलावा शहर छोड़कर जाने वाले लोग ही घर के बाहर दिख रहे हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## इंडोनेशिया में भूकंप से हिली धरती, 6.1 मापी गई तीव्रता

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। यूरोपियन मेडिटेरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर (यूएमएससी) के अधिकारियों के मुताबिक, इंडोनेशिया में रविवार सुबह लगातार दो बार भूकंप के झटके लगे। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.1 और 5.8 मापी गई है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार तड़के केपुलुआन बाटू में दो बार भूकंप से धरती हिला। तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर पहले वाले की तीव्रता 6.1 रही। इसके कुछ ही घंटे बाद 5.8 तीव्रता वाला एक और भूकंप का झटका महसूस किया गया। पहला भूकंप 43 कि.मी. की गहराई पर जबकि, दूसरा 40 कि.मी. की गहराई पर था। भूकंप के कारण अभी तक किसी तरह के जन-धन की हानि की सूचना नहीं है। सनद रहे गुजरे बुधवार को भी इंडोनेशिया में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.4 मापी गई थी।

## न्यायिक सुधार कानून को लेकर देश के कई शहरों में प्रदर्शन, बोले- कोर्ट पवित्र है, वहां राजनीति न करें

**इस्राइल।** इस्राइल के नए न्यायिक सुधार कानून के कारण देश भर में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। भी कई तेल अवीव सहित अन्य शहरों में विरोध प्रदर्शन किए गए। लोकल मीडिया के मुताबिक, हजारों लोग अलग-अलग शहरों में प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को सरकार के खिलाफ तेल अवीव शहर में बैनर-पोस्टर भी लगाए हैं। लोगों का आरोप है कि न्यायिक सुधार कानून न्यायिक प्रणाली को खत्म करने की सरकार की योजना है।

**लोकतंत्र को खतरा**

नेतन्याहू सरकार के खिलाफ लोगों का आरोप है कि सरकार की योजना देश की जांच व्यवस्था पर हमला है। उनका मानना है कि सरकार के इस कदम से लोकतंत्र खतरे में आ जाएगा। यहूदी महिलाओं की राष्ट्रीय परिषद प्रमुख शीला काट्ज का कहना है कि यह न्यायिक सुधार के बारे में नहीं है, यह लोकतंत्र के बारे में है। कोर्ट पवित्र होते हैं। कोर्ट लोगों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए होते हैं, इसलिए कोर्ट को राजनीति से दूर रखना चाहिए।

**सरकार ने नीति लागू करने में की देरी**

प्रदर्शनकारियों ने सरकार की इसी नीति के खिलाफ पिछले महीने भी प्रदर्शन किया था। उन्होंने अर्थव्यवस्था बंद करने की धमकी दी थी। इस्राइली सेना की एलीट रिजर्व फोर्स के अधिकारियों ने भी चेतावनी दी है कि अगर सुधार नीति लागू हुई तो




वह ड्यूटी के लिए मना कर देंगे।

हाई-टेक बिजनेस लीडर्स और सुरक्षा संस्थान भी विरोध कर रहे हैं। ट्रेड यूनियनों ने आम हड़ताल के आह्वान की घोषणा की है। लोगों के बढ़ते विरोध के कारण सरकार भी समझौते के लिए विकल्प की तलाश कर रही है, इसी वजह से सुधार नीति को लागू करने में देरी हो रही है। लेकिन प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इसे पूरी तरह से खत्म किया जाए।

**पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे**

प्रदर्शनकारी देशभर के प्रमुख नेशनल हाईवे और रेलवे स्टेशन पर चक्का जाम कर देते हैं। जिससे कई किलोमीटर लंबा जाम लग जाता है। भारी भीड़ पुलिस के लिए भी काफी समस्या का कारण बन गई है, इसलिए भीड़ को हटाने के लिए पुलिस को वाटर कैनन और स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल करना पड़ता है। राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग द्वारा आयोजित वार्ता पर भी लोगों को विश्वास नहीं है। येश एटिड, राष्ट्रीय एकता और सरकार के बीच वार्ता पर लोगों का कहना है कि इससे विरोध आंदोलनों को दबाने की कोशिश की जाएगी और कानून को चुपचाप आगे बढ़ा दिया जाएगा। नेतन्याहू सरकार की न्यायिक सुधार नीति के तहत कोर्ट की शक्तियां काफी कम हो जाएगी। योजना के तहत अब संसद में कोर्ट के किसी भी फैसले को बहुमत के जरिए बदल सकते हैं। अदालत संसद द्वारा बनाए गए कानूनों की समीक्षा नहीं कर पाएगी। चूंकि इस्राइली संसद में नेतन्याहू के पास बहुमत है इसलिए वह कोर्ट के किसी भी फैसले को पलटने में सक्षम हैं।